खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 16°C
मुजफ्फरनगर, शनिवार 28 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 69 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 8 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल : प्रमोद तिवारी पेज 2



बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम किले में तब्दील खेल टाइम्स



नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी सम्पादकीय



स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराधः अब्बास अराघची पेज 12

# ईरान ने शुरू किया ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 83वां चरण

## IRGC ने की इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश, खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों को भी बनाया निशाना

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है।

इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजरायल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है। आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिये इजरायल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजरायल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं। ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया -**शेष पृष्ठ दो पर**



**हूती विद्रोहियों ने ईरान के लिए जंग में उतरने की चेतावनी दी, ईरान बोला- भारतीय बच्चों का गुल्लक दान करना कभी नहीं भूलेंगे**

### ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा, इजरायल पर दागीं, मिसाइलों पर पाकिस्तान का भी नाम

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने इजरायल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की आईआरजीसी के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजरायल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।

### अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने को 10 लाख ईरानी लड़ाके तैयार

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान पर जमीनी हमला किया, तो उसे भीषण नरक यानी मुहंतोड़ कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ईरान के एक सैन्य सूत्र ने कहा है कि इस संभावित हमले की खबर के बाद देश में लड़ने का जोश बढ़ गया है। सूत्र के मुताबिक, अब तक करीब 10 लाख लड़ाके तैयार किए जा चुके हैं।

# भारत की सैन्य ताकत में होगा बड़ा इजाफा

**2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर डीएसी की लगी मुहर**
**एस-400 की अतिरिक्त खरीद को भी दी मंजूरी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसके तहत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत के सैन्य हार्डवेयर खरीदे जाएंगे।

भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन, उच्च क्षमता के रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम की खरीद की मंजूरी दी गई है। एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम रियल- टाइम में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगा। जबकि, उच्च क्षमता वाला रेडियो रिले भरोसेमंद और त्रुटि-रहित संचार सुनिश्चित करेगा। धनुष गन सिस्टम से तोपखाने की क्षमता बढ़ेगी और सभी क्षेत्रों में लंबी दूरी के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा। रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम सैन्य इकाइयों को निगरानी की क्षमता देगा और आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन टैंक रोधी हथियारों की क्षमता को बढ़ाएगा। भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली एस-400, दूर से नियंत्रित हमलावर विमान और सुखोई-30 एयरो इंजन के कलपुर्जो की मरम्मत और ओवरहाल (इंजन के सभी हिस्सों की पूरी तरह जांच करना, खराब या घिसे हुए हिस्सों को बदलना और उसे फिर से पूरी क्षमता के साथ चलाने के योग्य बनाना) के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। मध्यम परिवहन विमान के शामिल होने से एएन-32 और आईएल-76 के पुराने परिवहन बेड़े को बदलने से वायुसेना की रणनीतिक, सामरिक हवाई परिवहन की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के संसदीय दल के नेता बालेंद्र शाह को नेपाल का 47वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के साथ ही नए मंत्रिमंडल के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। श्री शाह को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता के रूप में संविधान की धारा 76 (1) के तहत यह पद सौंपा गया है। वह काठमांडू महानगर पालिका के मेयर पद से इस्तीफा देकर राजनीति के राष्ट्रीय पटल पर उतरे और लोगों ने उन पर भरोसा जताया। चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद श्री शाह पहली बार संसद सदस्य के रूप में प्रवेश करते ही देश के कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अविमुक्तेश्वरानंद पर हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम मामले में अग्रिम जमानत दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। यह अपील मामले के शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने दायर की है। उन्होंने उच्च न्यायालय के 25 मार्च के आदेश को चुनौती दी है।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपये घटी

## दाम नहीं बढ़ेंगे, वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

सरकार के इस निर्णय से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव कम होगा और उन्हें फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में बताया कि पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण तेल विपणन कंपनियों पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का दबाव था। उत्पाद शुल्क में कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्च का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 0.5 प्रतिशत गिरकर करीब 107.5 डॉलर प्रति बैरल पर है। पश्चिम एशिया संकट के बाद से इसकी कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ चुकी है। यह कटौती सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों द्वारा नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश को किए जाने वाले निर्यात पर भी लागू होगी। इसके अलावा, सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन के निर्यात पर 29.5 प्रति लीटर का शुल्क लगाया -**शेष पृष्ठ दो पर**



**सरकार के फैसले से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव होगा कम, कटौती तत्काल प्रभाव से लागू**

### ईंधन की कमी को लेकर देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते थे कि (पेट्रोलियम ) के खुदरा मूल्य बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन की कमी को लेकर देश में कोविड महामारी के दौर जैसा लॉकडाउन लगाने की चर्चाओं को भी खारिज किया और कहा कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और लॉकडाउन जैसा कुछ नहीं होगा। उन्होंने डीजल -पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये की कटौती के ताजा निर्णय के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री चाहते थे कि उपभोक्ता कीमतें न बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन पर शुल्क में कमी की सराहना की। उन्होंने लॉकडाउन की चर्चा पर कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोई लॉकडाउन नहीं होगा।



### सूर्य की किरणों ने किया रामलला का सूर्यतिलक

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के बालस्वरूप रामलला के जन्मोत्सव पर ठीक 12 बजे राममंदिर स्थित गर्भगृह में स्थापित रामलला की भव्य दिव्य प्रतिमा के ललाट पर भगवान सूर्य की किरणों ने सूर्यतिलक कर उनका अभिषेक किया। राम का जन्म होते ही राममंदिर का संपूर्ण परिसर जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो गया, घंटा घड़ियाल और मृदंग मंजीरों के मधुर संगीत के साथ प्रगट भए कृपाला दीन दयाला के भजन से रामभक्त श्रद्धालु झूम उठे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर राममय हो गया। रामजन्मोत्सव की शुरुआत प्रभु श्रीराम के पंचामृत महाभिषेक से प्रात: 9 बजे ही शुरू हो गई थी। राममंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। प्रभु श्रीराम का श्रृंगार किया गया और रामलला को पीला वस्त्र धारण कराया गया। रामलला को भोग प्रसाद ग्रहण कराने के बाद उनकी आरती उतारी गई।






# इजरायल से दोस्ती, खाड़ी देशों का भी करीबी बना भारत

वाशिंगटन, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत का संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण इजरायल के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की ओर आगे बढ़ रहा है।

एक प्रतिष्ठित अमेरिकी थिंक-टैंक मिडिल ईस्ट फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी में लगातार वृद्धि हुई है, जो सीमित राजनयिक आदान-प्रदान से शुरू होकर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के एक मजबूत रिश्ते में बदल गई है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद, क्षेत्रीय अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों को लेकर साझा चिंताएं उनके रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मददगार रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए इजरायल ने रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वहीं, नई दिल्ली ने अपनी व्यापक पश्चिम एशिया रणनीति के तहत अरब देशों के साथ भी अपने मजबूत संबंध बनाए रखे हैं। समय के साथ भारत और इजरायल के बीच सहयोग का दायरा बढ़ा है। इसमें खुफिया जानकारी साझा करना, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा नवाचार, साइबर सुरक्षा और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी में अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ, इजरायल भारत के लिए एक अनिवार्य भागीदार के रूप में उभरा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर 2025 में हस्ताक्षरित संयुक्त विकास और सह-उत्पादन पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) है।



**अमेरिकी रिपोर्ट ने बताई नई दिल्ली की रणनीति**
**आतंकवाद और सुरक्षा चिंताओं से मजबूत हुए रिश्ते**

### कनाडा की विदेश मंत्री से जयशंकर ने होर्मुज संकट पर की बात

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उसके दुनिया पर पड़ रहे असर को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ अहम बैठक की। दोनों नेताओं की यह बैठक जी7 की बैठक से अलग हुई। जयशंकर गुरुवार को जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस पहुंचे। बैठक के बाद कनाडा की विदेश मंत्री ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएम कार्नी के भारत दौरे पर आगे बढ़ाई गई साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। आनंद ने कहा कि बैठक में व्यापार, पश्चिम एशिया की स्थिति और दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत करने पर बात हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्राला से टकराई, 8 की मौत

**कौशांबी।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 17 श्रद्धालु घायल हो गए है। सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में तीन बच्चे, तीन महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर बच्चे का मुंडन कराने के लिए प्रयागराज आए थे। यहां संगम स्नान और मुंडन संस्कार कराने के बाद पिकप से फतेहपुर लौट रहे थे कि सैनी इलाके में हादसा हो गया।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। बीच कारोबार में पहली बार भारतीय मुद्रा इस स्तर तक कमजोर हुई है। पिछले कारोबारी दिवस पर 25 मार्च को यह 20 पैसे की गिरावट में 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी जो इसका अब तक का सबसे कमजोर बंद भाव है। रुपया आज 22.75 पैसे की गिरावट में 94.1875 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 94.30 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में इस

### जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से सीएम ने की मुलाकात

# गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, पुलिस करे सख्त कार्रवाई: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



- कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री का रुख सख्त

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से दो टूक कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही की जाए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेए जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अधिकारियों को निर्देशित करने के साथ ही योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध करा देगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा और उन्हें चॉकलेट के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया। वहीं मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा भाव से उनकी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बघने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठा धीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया।

### प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के लिए जीरो टॉलरेंस: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा के बेहतर माहौल के साथ सरकार रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रही है। योगी गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां हर सज्जन शक्ति का संरक्षण है, लेकिन दुर्जन शक्ति के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के लिए संवेदना है लेकिन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है उत्तर प्रदेश में विरासत का सम्मान भी है और विकास की गारंटी भी। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

# उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल: कांग्रेस



- सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर सियासी लाभ लेने की कोशिश कर रही: प्रमोद तिवारी



- आत्मनिर्भरता के प्रयासों के बावजूद भारत की ऊर्जा आयात क्षेत्र में निर्भरता बढ़ी है: जयराम रमेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में उप नेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईधन में उत्पाद शुल्क कटौती 'जनता से वसूली का खेल' है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे 'उपकार' के रूप में पेश करती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपए प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमशः लगभग 32.98 रुपए और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है। उन्होंने इसे जनता पर बढ़ता आर्थिक बोझ बताते हुए कहा कि सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। अंत में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लगता है, जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है। गौरतलब है कि सरकार ने आज पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क को 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया है। इससे पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटकर तीन रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल पर यह जीरो रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को ऊर्जा आयात पर बढ़ती निर्भरता को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश प्रमुख ईंधन क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता से और दूर चला गया है। श्री रमेश ने एक बयान में कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच कच्चे तेल के आयात पर भारत की निर्भरता 84 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसी अवधि में एलपीजी आयात पर निर्भरता 46 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह सब तब हो रहा है, जब नारा आत्मनिर्भरता का दिया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में प्राकृतिक गैस उत्पादन की स्थिति 'और भी अस्पष्ट' बनी हुई है, जिसे उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान किए गए दावों से जोड़ा। उन्होंने याद दिलाया कि 26 जून 2005 को मोदी ने घोषणा की थी कि गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (जीएसपीसी) ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन के गहरे समुद्र में देश के सबसे बड़े गैस भंडार की खोज की है, जिसे भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाला बताया गया था।

# यूपी के कई जिलों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

- अफवाहों के चलते मची मारामारी, राज्य सरकार ने कहा-पर्याप्त है स्टॉक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने और संभावित कमी की अफवाहों के चलते गुरुवार को कई जगहों पर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं और यातायात तक प्रभावित हुआ। यह हालात अयोध्या, अंबेडकर नगर और बहराइच समेत तमाम जिलों ने दिखाई पड़े।

प्रयागराज के अलोपीबाग, सिविल लाइंस, करेली और मीरा. पुर जैसे इलाकों में लोगों ने आधा टैंक भरा होने के बावजूद ईंधन भरवाने के लिए लंबी कतारें लगा दीं। कई जगहों पर लाइनें सड़कों तक फैल गईं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल देखने को मिला, जहां पेट्रोल पंप कर्मियों को भीड़ संभालने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। बहराइच में भी शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में अचानक मांग बढ़ी, हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी 121 पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त है। अंबेडकर नगर में हालात कुछ ज्यादा बिगड़े नजर आए, जहां कई पेट्रोल पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड लग गए। बस्कहरी, जलालपुर और जहांगीरगंज जैसे इलाकों में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की खबरें आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई पंपों पर दोपहिया वाहनों के लिए 200 रुपये और चारपहिया के लिए 500 रुपये के ईंधन की सीमा तय करनी पड़ी।

# गैस सिलेंडर के लिए सोशल मीडिया पर अपना नम्बर डालें उपमुख्यमंत्री: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर के संकट से जूझ रही जनता के प्रति हमदर्दी का इजहार करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम को अपना नम्बर सोशल मीडिया पर जारी करना चाहिए, जिससे आम जनता को सिलेंडर आसानी से मिल सके। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र के भाजपाई डिप्टी सीएम के बयान से ये साबित हो गया है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपाई ही कर रहे हैं। डिप्टी सीएम का दावा है कि 'जिसके यहां सिलेंडर न हो वो हमारे यहां सूचना भेज दे, हम सिलेंडर भिजवा देंगे'। इस संदर्भ में आग्रह है कि वो अपना फोन नंबर सोशल मीडिया पर डाल दें या अपने घर, कार्यालय या फिर सीधे अपने जमाखोरीवाले अंडरग्राउंड गोदाम का पता ही दे दें। दरअसल मौर्य ने कहा था कि अगर किसी के पास सिलेंडर नहीं है, तो वे उनके कार्यालय को सूचित करें, सिलेंडर भिजवाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संकट के समय भाजपा कार्यकर्ता जनता की मदद के लिए सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों के बावजूद पार्टी के लोग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

### बंगाल चुनाव के बाद पेट्रोल डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी संभव: रामगोपाल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच दावा किया है कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के चुनाव के बाद पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर 50 रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इटावा स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों पर संकट गहराता जा रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को फिर गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,690.23 अंक (2.25 प्रतिशत) टूटकर 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत नीचे 22,819.60 अंक पर बंद हुआ। विदेशों से मिले नकारात्म संकेतों के कारण आज शुरू से ही बाजार पर दबाव रहा।

डॉलर की तुलना में रुपये के कमजोर पड़ने से निवेश धारणा और प्रभावित हुई। फिलहाल रुपया 94.70 रुपये प्रति डॉलर पर है। पिछले कारोबारी दिवस पर 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा बीच कारोबार में 94.85 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गई थी। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.74 प्रतिशत उतर गया। सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त में रहने वाला आईटी सूचकांक भी अंत में गिर गया।



बैंकिंग, रियलटी, ऑटो, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, एफएमसीजी, धातु, तेल एवं गैस और फार्मा सेक्टरों में अधिक दबाव देखा गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक टूटे। बजाज फाइनेंस में भी सवा चार फीसदी की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, बीईएल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक फिसल गए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 11.413 अरब डॉलर तक घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार 10 सप्ताह बाद 700 अरब डॉलर से नीचे उतरा है। इसकी मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में 13 अरब डॉलर से अधिक की साप्ताहिक गिरावट है। गत 27 फरवरी को रिकॉर्ड 728.494 अरब डॉलर को छूने का बाद विदेश मुद्रा का देश का भंडार लगातार तीसरे सप्ताह कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 13.495 अरब डॉलर घटकर 117.186 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में आलोच्य सप्ताह के दौरान 2.127 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है और यह 557.695 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.833 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# चांदी की कीमतों में करीब 5380 रुपये का उछाल, सोना रुपये 1.41 लाख पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**

सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। पश्चिम एशिया के हालात को लेकर बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने फिर से बुलियन में खरीदारी बढ़ाई। चांदी की कीमत 5380 रुपये बढ़कर 2.25 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 1320 रुपये बढ़कर 1.41 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट थमती नजर आई और दोनों धातुएं हल्की बढ़त के साथ कारोबार करती दिखीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के साथ समझौते की समयसीमा को एक बार फिर आगे बढ़ाने के फैसले से बाजार को अस्थायी राहत मिली है। कामेक्स पर सोना 0.33 प्रतिशत बढ़कर 4,423 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि पिछले सत्र में इसमें करीब 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। वहीं चांदी की कीमत 0.29 प्रतिशत बढ़कर 68.13 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाने की कार्रवाई को फिलहाल 10 दिनों के लिए टाल दिया गया है। इससे निवेशकों की घबराहट कुछ कम हुई है, क्योंकि पिछले एक महीने से जारी संघर्ष ने बाजार में अनिश्चितता बढ़ा रखी थी। हालांकि, सोना और चांदी पर दबाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसके पीछे कई बड़े कारण हैं- ऊर्जा कीमतों में तेजी से महंगाई का खतरा बढ़ा है, जिससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरें ऊंची रख सकते हैं। इससे बिना ब्याज वाले एसेट जैसे सोना-चांदी की मांग घटती है। डॉलर इंडेक्स करीब 100 के स्तर पर बना हुआ है और संघर्ष शुरू होने के बाद इसमें लगभग 2.3: की बढ़त आई है। मजबूत डॉलर से कमोडिटीज महंगी हो जाती हैं, जिससे मांग कमजोर पड़ती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की के केंद्रीय बैंक ने संघर्ष के शुरुआती दो हफ्तों में करीब 60 टन सोना बेचा या स्वैप किया, जिससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव आया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...**

है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है। पिछले दिनों नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी की मौत के बाद ईरान भड़क उठा है। इजरायली हमले में तंगसिरी की मौत हुई थी। बताया जा रहा है कि ईरान इसी का प्रतिशोध ले रहा है। 28 फरवरी 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुआ यह युद्ध अब वैश्विक संकट बन चुका है।

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लगभग बंद कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अमेरिका ने 6 अप्रैल तक तेल डिपो पर हमले न करने की बात कही है, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके उलट दिख रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों की माने तो अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में तेल गैस की भारी किल्लत हो सकती है। वहीं मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले बढ़ाए, तो वे जंग में उतर सकते हैं। हूती प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि यमन ईरान के समर्थन में जंग में शामिल हो सकता है। अधिकारी ने इसे धार्मिक, नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी बताया। हूतियों ने कहा कि अगर हालात और बिगड़े, तो वे पहले ही हस्तक्षेप कर सकते हैं और बाब-अल-मंदाब स्ट्रेट को बंद करना भी एक विकल्प है। यह स्ट्रेट ग्लोबल शिपिंग के लिए बेहद अहम है और इसके बंद होने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी तक हूती नेतृत्व ने औपचारिक रूप से जंग में शामिल होने का ऐलान नहीं किया है, लेकिन उनकी चेतावनी से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने भारतीय बच्चों द्वारा गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना 'प्यार भरा तोहफा' है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर ईरान के लिए पैसे दान किए। ईरान दूतावास ने कहा कि यह दया और समर्थन उनके लिए बेहद मायने रखता है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा।

**पेट्रोल-डीजल पर...**

है। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे देश में डीजल और विमान ईंधन की ज्यादा उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। पेट्रोल डीजल के निर्यात पर विशेष उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। निर्यातित पेट्रोल पर विशेष उत्पाद शुल्क शून्य है, जबकि डीजल पर 18.5 रुपये प्रति लीटर है। इस कटौती के बाद पेट्रोल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.40 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तीन रुपये, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर 2.50 रुपये और अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसंरचना उपकर) पांच रुपये प्रति लीटर हो गया है। डीजल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.80 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क शून्य, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर चार रुपये और विशेष उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसं. रचना) दो रुपये प्रति लीटर हो गई है। इन केंद्रीय करों के अलावा पेट्रोल-डीजल पर हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश द्वारा अलग. अलग मूल्य वर्द्धित कर (वैट) भी लगाया जाता है। इस बीच, गैर ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। गैर ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### मीरवाइज के नेतृत्व में ईरान के राजदूत से मिला एमएमयू का प्रतिनिधिमंडल

**श्रीनगर।** मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फथअली से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एमएमयू के संरक्षक मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में कश्मीर के प्रमुख धार्मिक नेता शामिल थे, जिनमें मुफ्ती नासिर-उल-इस्लाम, आगा सैयद हसन अल-मोसवी, आगा सैयद हादी अल-मोसवी और आगा सैयद मुजतबा प्रमुख थे। इस मुलाकात का उद्देश्य ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शोक व्यक्त करना और ईरान के एकजुटता जताना था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में इस्लामी धार्मिक संगठनों एमएमयू ने खामेनेई की हत्या के विरोध में दो मार्च को कश्मीर में बंद का आह्वान भी किया था। एमएमयू ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अयातुल्ला अली खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों और नेतृत्व के अन्य सदस्यों की हत्या पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने ईरान की जनता के प्रति गहरी एकजुटता जताई, जिसे उन्होंने उनके कठिनाई के समय के रूप में वर्णित किया। एमएमयू ने कहा कि कश्मीर की जनता की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुस्लिम उम्माह के एक प्रमुख और सम्मानित नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत ने उन्हें गहरा दुख पहुंचाया है।

# ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर प्रधानमंत्री का आभार

**नई दिल्ली, वार्ता**

- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी के प्रयासों को खुलकर सराहा

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि जहां दुनिया ईंधन की कमी से गुजर रही है, वहीं भारत में ईंधन की प्रचुर उपलब्धता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुरी ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देश ईंधन संरक्षण के लिए ऑड-ईवन, सप्ताह में चार दिन काम और स्कूलों-कार्यालयों को बंद करने जैसे कड़े कदम उठा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऊर्जा सुरक्षा और उपलब्धता का एक बेमिसाल उदाहरण बना हुआ है। पुरी ने घोषणा की कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने राज्यों के वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से 20 प्रतिशत आवंटन स्टील, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और अन्य श्रम-गहन उद्योगों को दिया जाएगा। उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां 'पाइप्ड गैस' एक विकल्प नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार की स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि पिछले एक महीने में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 30.50 प्रतिशत, उत्तरी अमेरिका में 30 प्रतिशत, यूरोप में 20 प्रतिशत और अफ्रीकी देशों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। पुरी ने कहा कि मोदी सरकार के पास दो विकल्प थे या तो अन्य देशों की तरह नागरिकों के लिए कीमतें बढ़ा दी जाएं या फिर अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता से देशवासियों को बचाने के लिए सरकारी खजाने पर इसका बोझ उठाया जाए। प्रधानमंत्री ने सरकारी खजाने से इस समस्या के समाधान का विकल्प चुना ताकि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके। श्री पुरी के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल-डीजल आदि पर कर कम कर दिया है ताकि तेल कंपनियों के उच्च घाटे (पेट्रोल पर लगभग 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर) को कम किया जा सके। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उछाल को देखते हुए निर्यात कर भी लगाया गया है।

# शाहजहांपुर में मादक पदार्थ तस्कर की 80 करोड़ की संपत्ति की सीज

■ बुढ़ाना कोतवाल अत्री की रही अहम भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस उत्तर प्रदेश के शाहाजहांपुर जनपद के इलाके मीरानपुर कटरा में विगत दिवस पहुंची और शुक्रवार की अल सुबह से ही मादक पदार्थों की तस्करी करके अपना बड़ा साम्राज्य स्थापित करने वाले रियाज उर्फ बाबू, उसके ससुर, उसकी पत्नि और उसके साले की इसी अवैध कारोबार से अर्जित की गयी 80 करोड़ रुपये की संपत्ति जो कि विभिन्न स्थानों पर थी वह भारी पुलिस बल के सहयोग से सीज कर अन्य अपराधियों को भी ये अहसास करा दिया कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। चाहे वो कितना भी शक्तिशाली ही क्यों ना हो उसकी योगी सरकार में कोई भी बख्शीस नहीं है। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने अपनी टीम के साथ ये बड़ी कार्यवाही की। इसमें कटरा थाने की पुलिस का भी सहयोग लिया गया। वहीं के मौहल्ला आतिशबाजान निवासी मादक पदार्थ तस्कर बाबू उर्फ रियाज, उसके ससुर, साले व पत्नी की मादक पदार्थों को बेंचकर अर्जित की गयी 80 करोड़ रुपये की संपत्तियों को सीज कर दिया। इनमें 3 मकान, शोरूम और ईंट-भठे समेत दस संपत्तियां हैं। बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री का कहना है कि उक्त तस्कर बाबू उर्फ रियाज अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर लंबे समय से मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा है। रियाज और उसके कुछ रिश्तेदारों के विरुद्ध इसी पदार्थ की तस्करी के कई और भी मुकदमे दर्ज हैं। बीते वर्ष 25 सितंबर को रियाज के साले राहत अली उर्फ कासिम और साढू अरशद अली को दस करोड़ रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया था जबकि मीरानपुर कटरा थाने की पुलिस ने बीते वर्ष दो अक्तूबर को 99 ग्राम स्मैक के साथ रियाज को गिरफ्तार किया था। बताया जाता है कि जेल से रिमांड पर लेकर नई दिल्ली पुलिस ने रियाज के मीरानपुर कटरा के मोहल्ला आतिश बाजान स्थित मकान की दूसरी मंजिल के कमरे से डेढ़ किलो स्मैक भी बरामद की थी। अब वर्तमान में रियाज कोर्ट से जमानत पर बाहर आया हुआ है। इस संबंध में सीओ ज्योति यादव ने बताया कि रियाज ने गैंग बनाकर तस्करी से करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति बनाई है। बृहस्पतिवार को 80 करोड़ की संपत्ति को सीज कर दिया गया। इनमें मोहल्ला आतिशबाजान में स्थित तीन मकान, बरेली रोड व कटरा-खुदागंज रोड पर स्थित चार मंजिला शोरूम, तिलहर-जैतीपुर रोड पर स्थित ईंट-भठा आदि दस संपत्तियों को सीज किया गया है। कार्रवाई के दौरान कई थानों की पुलिस मौजूद रही। पुलिस के अनुसार रियाज ने काले कारनामों को छिपाने के लिए पिछले साल ही एक कॉम्प्लेक्स खोला था।

राजनीति पहचान बनाने के लिए भी काफी रुपया खर्च किया था। कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन सत्ता पक्ष के एक विधायक से कराया था। सी ओ ज्योति यादव के मुताबिक मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति को सीज व फ्रीज कर दिया गया है। इससे अभियुक्त अब संपत्ति को न तो विक्रय कर सकेगा और न ही उसे खुर्द बुर्द कर सकेगा। रियाज पर आधा दर्जन से भी अधिक मुकदमे दर्ज हैं। बीते वर्ष 2 मुकदमे थाना कटरा और एक मुजफ्फरनगर जनपद की बुढ़ाना कोतवाली, एक मुकदमा वर्ष 2022 में बरेली के थाना देवरनिया, वर्ष 2025 व वर्ष 2017 में फतेहगंज पूवह्न थाने में मुकदमे दर्ज हुए थे। एक मुकदमा बीते वर्ष दिल्ली की अपराध शाखा में दर्ज हुआ था। तीन हफ्ते पूर्व जमानत पर जेल से आए रियाज के खिलाफ मीरानपुर कटरा पुलिस की ओर से गैंगस्टर की कार्रवाई प्रस्तावित थी। आज बुढ़ाना पुलिस का हमने सहयोग किया और 80 करोड़ रुपये की संपत्ति सीज करवाई। कुल मिलाकर पहली बार बुढ़ाना पुलिस की इस बड़ी कार्यवाही से अन्य तस्करों में हड़कंप मचने की बात सामने आई है।



## स्मार्ट मीटर को लेकर जनता में एक बार फिर भय

**मुजफ्फरनगर।** स्मार्ट मीटर को लेकर एक बार फिर जनता में अविश्वास शुरू हो गया है। स्मार्ट मीटर के विरोध में पूरे जनपद से जगह-जगह से आवाजे उठ रही है जहां लोग स्मार्ट मीटर का पूर जोर विरोध कर रहे है। किसान यूनियन ने तो स्पष्ट रूप से कह दिया है कि वह गांव में स्मार्ट मीटर घुसने नहीं देंगे। एक ओर किसान यूनियन के संगठन ने स्मार्ट मीटर को चोर मीटर का नाम दिया है। कुछ संगठन ने तो स्मार्ट मीटर को लेकर आर-पार की लडाई तक का ऐलान कर दिया है। अब सवाल यह है कि आखिर जनता स्मार्ट मीटर से असंतुष्ट क्यो है? क्या विद्युत विभाग के अधिकारी जनता का भरोसा जीत नहीं पा रहे या फिर विभाग के अधिकारी स्मार्ट मीटर के संबंध में जनता को जानकारी नहीं दे पा रहे है। वजह कुछ भी हो स्मार्ट मीटर को लेकर अब लोगों में पूरी तरह भय बना हुआ है।

# लाला जगदीश प्रसाद कॉलेज को मिली सीबीएसई की मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज को अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से मान्यता मिलने के बाद नए शैक्षणिक सत्र से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए म प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूरत सिंह वर्मा, प्रबंधक बाल बहादुर, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन और प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि बदलते समय और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा और बेहतर अवसर मिल सकें। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परिवर्तन के बावजूद संस्था के मूल मूल्य और भारतीय संस्कार।यथावत रहेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक जिस प्रकार छात्रों को नैतिक शिक्षा, अनुशासन और सांस् तिक मूल्यों के साथ शिक्षित किया जा रहा था, उसी परंपरा को आगे भी जारी रखा जाएगा। केवल शिक्षा का माध्यम और पाठड्क्रम सीबीएसई के अनुरूप होगा, जिससे छात्रों को व्यापक ज्ञान और आधुनिक शिक्षा पद्धति का लाभ मिल सके। प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि सीबीएसई से जुड़ने के बाद विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ और आधुनिक सुविधाओं को भी सु ढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी विशेष लाभ मिलेगा। प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अभिभावकों और छात्रों से इस बदलाव का स्वागत करने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत् ष्टता बनाए रखेगा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।





मुजफ्फरनगर: राम नवमी पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

# राम नवमी पर निकाली शहर में भव्य शोभायात्रा

■ रामलीला ग्राउंड में श्रद्धा और भक्ति का दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम नवमी पर नई मंडी क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामलीला भवन पटेलनगर परिसर से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा मुनीम कॉलोनी, राजवाहा रोड, बालाजी रोड, टेलीफोन एक्सचेंज और नई मंडी के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। शाम के समय शोभायात्रा पुनः रामलीला भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के स्वर्ण रथ के दर्शन किए और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। बैंड-बाजों और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। हवन और सुन्दर कांड का पाठ हुआ, जिसके पश्चात कथावाचक ब्रजेश पाठक ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर विस्तार से प्रवचन देते हुए उनके जीवन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी नरेन्द्र गोयल, मनीष कपूर, वरिष्ठ पत्रकार अंकुर दुआ और समाजसेवी भीम सेन कंसल सहित गणमान्य लोगों ने ने भगवान श्रीराम का तिलक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं भव्य आरती के पश्चात शोभायात्रा का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में समाजसेवी मनीष चौधरी, पूर्व सभासद विपुल भटनाकर, सभासद योगेश मित्तल, प्रशांत गौतम, दिनेश कुमार जैन के अलावा रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, मीना ऐरन,कन्दर्प ऐरन, कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, महामंत्री सुरेंद्र मंगल, मंत्री जितेंद्र कुच्छल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मनोज पाटिल, रामलीला निर्देशक पंकज शर्मा, नारायण ऐरन, विजय मित्तल, जितेन्द्र नामदेव और गोविंद शर्मा, अंशुल भारद्वाज, अनिल गोयल, अंशुल गुप्ता, सहित अन्य कलाकार मौजूद रहे और इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन और कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। समिति की ओर से सभी अतिथियों को भगवान श्री रामलला का चित्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# रामनवमी पर पालिका व पुलिस की प्रेरणादायक पहल

## एसएसपी व चेयरपर्सन ने आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महिला सशक्तिकरण और बाल सुरक्षा को लेकर नगरपालिका और पुलिस विभाग की एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कन्या पूजन के साथ-साथ समाज को महिला उत्थान, सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन पर जागरूक करने का सशक्त संदेश दिया गया।

शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में कन्या पूजन एवं महिला-बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, उनकी धर्मपत्नी डॉ. नीलम राय, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ सहित अन्य अधिकारियों ने रिजर्व पुलिस लाइन के मंदिर प्रांगण में विधि-विधान के साथ 151 कन्याओं और 20 लांगूर का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप अपनी पौत्री गौरवी स्वरूप और पुत्र कार्तिक स्वरूप के साथ विशेष रूप से 151 कन्याओं के लिए उपहार लेकर पहुंचीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालिकाओं और उनके अभिभावकों को लघु फिल्म के माध्यम से गुड टच-बैड टच सहित महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। अधिकारियों ने समाज को बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति सजग रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी संजय वर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक कर समाज में विश्वास और सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी जानसठ रूपाली राय चौधरी, प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह सहित अन्य अधिकारी रहे।

# इश्क की चाह में रिश्ते हो रहे तार-तार

## दो थाना क्षेत्रों में किशोरी के अपहरण का आरोप, चाचा के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रिश्ते को समय से कुछ लोगों के द्वारा ऐसे कलंकित किए जा रहे है कि शर्म को भी शर्म आ जाएगी। इसे प्यार का जुनून कहे या हवश, मकसद कुछ भी हो, लेकिन पति-पत्नि के रिश्तों में किसी ना किसी बात को लेकर दरार आ रही है तो सगे ही अपने रिश्ते की नाबालिग व बालिग लडकियों से संबंध बनाकर इंसानियत का खून ही नहीं बल्कि रिश्तों को भी कलंकित कर रहे है। एक मामला नई मंडी क्षेत्र का ऐसा ही देखने को मिला है जहां एक व्यक्ति एक किशोरी को अपने साथ ले गया। जिस तरह से शिकायत की गई है कि उससे महसूस हो रहा है कि उक्त व्यक्ति बदनियती से किशोरी को अपनी साथ ले गया है। आरोपी व्यक्ति किशोरी का चाचा बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है। एक ओर मामला मंसूरपुर में देखने को मिला जहां एक महिला ने अपनी बेटी के अपहरण के संबंध में तहरीर देकर उसकी बरामदगी की मांग की है। नई मंडी क्षेत्र के एक मौहल्ले के रहने वाले व्यक्ति पर रिश्ते की भतीजी को ले जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में किशोरी की मां ने तहरीर देकर बताया कि उसका देवर यानि के किशोरी का चाचा किशोरी को जबरन ही अपने साथ ले गया है। आरोपी भी इसी स्थान पर रहता था। महिला ने बेटी की काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। उधर पुलिस भी किशोरी की तलाश में भागदौड कर रही है। कई स्थानों पर आरोपी की तलाश भी की गई, लेकिन ना तो आरोपी मिला और न ही किशोरी मिली। अब सवाल यह है कि यदि किशोरी को चाचा बदनियती से गया है तो यह मामला शर्मसार करने वाला है। इसके पीछे क्या कारण है यह तो किशोरी की बरामदगी के बाद ही सामने आ सकेगा। फिलहाल इस तरह के मामले आए दिन देखने को मिल रहे है जहां प्रेम और हवश के चलते कुछ लोग रिश्तों को दर किनार कर रहे है। एक ऐसा ही मामला मंसूरपुर में भी देखने को मिला है जहां पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक नशे का आदी युवक अपहरण कर ले गया है। महिला ने इस संबंध में नाम जद तहरीर देते हुए आरोपी का नाम भी बताया है।

# कार के अंदर से पशु व्यापारी के 9 लाख चोरी

## एक अन्य घटना में चालक ने मीरापुर पुलिस को कैंटर छीनने की दी तहरीर, पुलिस छानबीन में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के नसीरपुर के निकट पशु पैठ से पशु व्यापारी की कार से लाखों की नगदी का बैग चोरी कर लिया गया। पीड़ित की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। जहां पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना में मीरांपुर क्षेत्र मे बदमाशों ने चालक से कैंटर छिन लिया। घटना के समय कैंटर में सामान भरा हुआ था पुलिस ने इस मामले में भी छानबीन शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली निवासी अरशद पुत्र अनीस ने मंडी कोतवाली पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि वह पशु व्यापारी है और विगत दिवस नसीरपुर गांव में लगने वाली पशु पैठ में आया था। यहां पर उसको पशुओं की खरीदारी करनी थी, क्योकि वह पशुओं की खरीद फरोख्त का काम करता है। तहरीर में बताया गया कि उसने अपनी कार में नौ लाख रूपये एक बैग में रखे थे। पीड़ित का कहना है कि उसने अपनी कार को पशु पैठ में ही खडी की और कार को लॉक करके पशु खरीदने चला गया। जब वह कुछ समय बाद कार के पास पहुंचा तो यहां का नजारा देखकर वह दंग रह गया। पीड़ित का कहना है कि कार का लॉक टूटा हुआ पड़ा हुआ था और कार के अंदर रखा बैग नहीं मिला। पीड़ित ने आसपास लोगों से इस संबंध में बात की और संदिग्ध लोग को भी तलाश, लेकिन बदमाशों का कही पता नहीं चला। पुलिस ने इस मामले में एक मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। उधर एक अन्य मामला मीरांपुर में भीदेखने को मिला है जहां अज्ञात बदमाशों ने एक कैन्टर लूट लिया। जनपद सहारनपुर के बेहटरोड के निवासी नसीम पुत्र बशीर अहमद ने मीरांपुर पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि वह जयपुर से अपने कैंटर में पुट्टी भरकर बिजनौर के नजीबाबाद के लिए रवाना हुआ था। गुरूवार की दोपहर करीब पौने चार बजे जब वह खतौली मीरांपुर रोड स्थित राजबाहे पर पहुंचते ही बदमाशों ने उसको आतंकित करते हुए उसका कैंटर छिन लिया। पीडित का कहना है कि घटना का समय उसका मोबाइल भी कैंटर में रह गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सब से पहले आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और पीडित की ओर से तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू करदी है। एक तरफ पुलिस इस मामले को संदिग्ध मान रही है तो वहीं इसकी सच्चाई तक पहुंचने के लिए तहरीर के आधार पर छानबीन भी शुरू करदी गई है।









## बड़सू में विद्युत तार चोरी की हुई वारदात

# 2000 मीटर तार ले उड़े चोर ,65 हजार का नुकसान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव बड़सू में अज्ञात चोरों ने विद्युत विभाग को बड़ा झटका देते हुए करीब 2000 मीटर विद्युत तार चोरी कर लिया। इस घटना में विभाग को लगभग 65 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

चोरी की इस वारदात से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं ग्रामीणों में भी असुरक्षा का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार, गांव बड़सू में श्मशान घाट से सुनील किसान के टड्बवेल तक 11 हजार वोल्ट की नई विद्युत लाइन बिछाने का कार्य चल रहा था। विभाग द्वारा पोल पर तार डाल दिया गया था, लेकिन लाइन अभी चालू नहीं हुई थी। इसी दौरान गुरुवार रात चोरों ने सुनसान स्थान का फायदा उठाते हुए पोल से पूरा तार काट लिया और मौके से फरार हो गए। सुबह जब विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो तार गायब देखकर उनके होश उड़ गए। तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद जेई मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। मामले की सूचना रतनपुरी थाने में दी गई, जिस पर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि चोरी को अंजाम देने में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं, क्योंकि इतनी बड़ी मात्रा में तार काटना और ले जाना आसान नहीं है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि रात में पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## चालक के विरुद्ध पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक गाड़ी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार अरुण कुमार पुत्र स्वर्गीय महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बिराल ने बुढ़ाना पुलिस को बतलाया कि मेरा छोटा भाई रवि कुमार बीती 07 मार्च को अपने खेत से ट्रेक्टर में गन्ने भरवाकर खेत से हाईवे पर चढ़ा रहा था कि हाईवे पर उत्तर दिशा से बहुत तेजी, लापरवाही और असावधानी से महेन्द्रा गाडी के चालक गौरव पुत्र दिनेश सिंह ने मेरे भाई की ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रेक्टर ढाल से रिडककर नीचे गिरकर पलट गया और मेरा भाई ट्रेक्टर के नीचे दब गया। आस पास आने जाने वालो व्यक्तियों ने दुर्घटना अपनी आंखो से देखी। लोगो की मदद से ट्रेक्टर के नीचे से घायल रवि को निकाला तो मौके पर ही रवि की मृत्यु हो गयी थी। डायल 112 को सूचना देकर रवि का पंचायतनामा वे पीएम कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अब वादी को भी हो सकती है जेल

## डीजीपी बोले-फर्जी मुकदमा हुआ तो होगी कार्रवाई

■ हाई कोर्ट के बाद पुलिस का आया बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** काफी समय से सुनने को ही नहीं देखने में भी आ रहा था कि कुछ लोग अपनी रंजिश निक. ालने के लिए दूसरे पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा देते थे। कई मामलों में तो यह देखने को मिला कि अपने पडौसी व किसी भी रंजिश के चलते अपनों का खून बहाने से भी लोग पीछे नहीं हटे और अपने विपक्षी को फंसाने के लिए कुछ लोग तो सारी शर्म हया उतारने से भी पीछे नहीं हटे, चाहे विपक्षी को फंसाने के लिए रेप का फर्जी मुकदमा ही दर्ज क्यो ना कराना पडे, लेकिन अब ऐसे लोगों की खेर नहीं। मुकदमा दर्ज कराने वाले को भी जेल हो सकती है इतना ही नहीं फर्जी जमानतियों को भी जेल की हवा खानी पडेगी। ऐसा यह आदेश डीजीपी राजीव कृष्ण द्वारा किए गए है। ऐसे मामले सुप्रीम हाई कोर्ट में पहुंचे और जब मुकदमों की सच्चाई सामने आई तो कोर्ट को यह निर्णय लेना पडा कि फर्जी मुकदमा करने वालों को भी जेल भेजा जाए और झुठी गवाही देने और फर्जी जमानत कराने वाले पर भी मुकदमा दर्ज हो। अब मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने के साथ मुकदमे के विवेचक को शिकायतकर्ता पर केस दर्ज कराने के लिए किसी अधिकारी की अनुमति की जरूरत नहीं पडेगी, हालांकि ऐसे मामलो को अधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाद विवेचक सीधा केस दर्ज कर सकेगा। हाईकोर्ट ने आदेश दिए है कि बीएनएस की धारा 212, 217 आईपीसी की 177 व 182 के तहत शिकायकर्ता और झुठे गवाहों पर मुक. दमा दर्ज करना जरूरी हो गया है। अब डीजीपी के आदेश पर यूपी पुलिस ने भी ऐसे मामलों की छानबीन शुरू कर दी है। जो मामले पुलिस की नजर में संदिग्ध है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए है।

# श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रामनवमी के शुभ अवसर पर आर्य समाज शिवपुरी में श्रद्धा और उत्साह के साथ वैदिक यज्ञ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा और सदाचार के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उनका जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने आदर्श पुत्र, भाई और राजा के रूप में समाज को एक उत्कृष्ट दिशा प्रदान की, जिसके कारण आज भी उनका नाम पूरे सम्मान और आस्था के साथ लिया जाता है। आर्य समाज के प्रधान जगदीश ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन में कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया और हर वर्ग के लोगों की समान रूप से सहायता की। उनके आदर्श समाज में एकता, समानता और भाईचारे का संदेश देते हैं। इस अवसर पर भगवान सिंह आर्य, धीरेंद्र आर्य, जगदीश सिंह, मास्टर जयपाल सिंह, सुशील आर्य, चरण सिंह आर्य, रण सिंह आर्य, डीडी आर्य और स्टेशन अधीक्षक राजेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। यज्ञ का संचालन रामानंद आर्य, अजेश आर्य और अनमोल आर्य ने विधि-विधान के साथ संपन्न कराया।

**वही रामनवमी** के अवसर पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा का कौमी एकता कमेटी द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जीटी रोड पर लगाए गए पंडाल में कमेटी के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को शिकंजी पिलाकर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में सौहार्द और उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम ने साम्प्रदायिक एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की। स्वागत करने वालों में अशोक शर्मा (अध्यक्ष), सत्येंद्र आर्य (संरक्षक), विकास जैन, आर्यन, सुशील गुर्जर, अमरेश आर्य, सुशील आर्य, विकास आर्य, सागर राणा, देवेश शर्मा, डॉ. विकास पुंडीर, जगदीश सिंह, धीरेंद्र आर्य, रितिक, पुरु महाराज, कमल परवीन, सुनील कुमार और विशाल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं का सत्कार करते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश दिया।

# श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ ने किया अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिसका विषय, ''कारपोरेट कानून तथा प्रबन्धन का समन्वय: भविष्य के अवसर'' रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री राघव सिंघल अधिवक्ता कारपोरेट लॉ एवं जीएसटी, नई दिल्ली उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पूनम शर्मा, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ द्वारा की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। महाविद्यालय की ओर से अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट करके किया गया।

कार्यक्रम में विधि के विद्यार्थियों के अलावा एमबीए के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम आरम्भ करते हुए महाविद्यालय की प्रवक्ता आंचल अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में बताया तथा अतिथि का परिचय कराया।अपना वक्तव्य प्रारम्भ करते हुए वक्ता ने कहा कि कारपोरेट कानून तथा प्रबन्धन का समन्वय आज के समय में सभी युवाओं के लिए व्यापक हो गया है तथा सम्भावनाओं से भरा हुआ क्षेत्र बन चुका है, जहां कारपोरेट कानून कम्पनियों को कानूनी ढाँचे तथा अनुपालन के माध्यम से दिशा निर्देश प्रदान करता है वही प्रबन्धन उन नीतियों को प्रभावी रूप् से लागू करके संगठन को सफलता की ओर ले जाता है। इन दोनों का समन्वय न केवल बेहतर निर्णय निर्माण को सुनिश्चित करता है बल्कि जोखिम प्रबन्धन, कारपोरेट गर्वनेन्स तथा नैतिक व्यवसायिक प्रथाओं को मजबूत करता है। ।वक्ता ने अपने कार्यअनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया तथा अनेक ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से करियर के अवसरों को समझाया।विद्यार्थियों के द्वारा, अपनी जिज्ञासाओं से सम्बन्धित प्रश्न वक्ता से किये गये, जिनका वक्ता ने संतोषजनक समाधान उनको बताया। इसमें निम्न विद्यार्थियों हुरेन, बीए-एलएलबी चतुर्थ वर्ष, ]दया कटारिया, बीए-एलएलबी तृतीय वर्ष, मुस्कान वशिष्ठ बीए-एलएलबी तृतीय वर्ष, खुशी गहलोत, बीए-एलएलबी तृतीय वर्ष, सपना - एलएल बी प्रथम वर्ष, श्रेया राजपूत - एलएल बी द्वितीय वर्ष प्राचार्या डॉ पूनम शर्मा द्वारा वक्ता को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का संच. ालन प्रवक्ता कु0 आंचल अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्तागण संजीव कुमार, सोनिया गौड़, राखी प्रमोद तुपे, मिनी सिंघल, ब्विन्द्र पंवार, आशीष कुमार, आक्शी कश्यप, पंकज शर्मा, डॉ चित्रा श्रीवास्तव व निवेदिता पाण्डेय, डॉ नाहिद अन्जुम, आदि का योगदान रहा।



## 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पर रही हरियाणा की टीम

**बुढ़ाना।** 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप 2025- 26 का भव्य समापन शुक्रवार की सायं हो गया। श्री प्यारे जी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी जौला में आयोजित 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप 2025- 26 का भव्य समापन समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डाक्टर संजीव बालियान थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद भट चेयरमैन प्यारे जी महाराज खेल एकेडमी जौला, नीरज शर्मा डायरेक्टर प्यारे जी महाराज स्पोर्ट्स अकादमी, अवनीश चौधरी, बुढ़ाना एवं आसपास के ग्रामों के कई प्रधान मौजूद थे।

यहां नेटबाल फेडरेशन आफ इंडिया के पदाधिकारियों की मौजूदगी में विजेता व उप विजेता टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संजीव बालियान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला व खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर भाग लेने एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के परिणामों में बालक वर्ग में प्रथम स्थान उत्तर प्रदेश, द्वितीय स्थान हरियाणा और तृतीय स्थान चंडीगढ़ व कर्नाटक का रहा जबकि बालिका वर्ग प्रथम स्थान हरियाणा, द्वितीय स्थान पंजाब और तृतीय स्थान छत्तीसगढ़ और पांडिचेरी का रहा। इस चैंपियनशिप में देशभर से आई टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। आयोजन समिति द्वारा सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे भव्य आयोजनों के लिए प्रतिबद्धता दोहराई गई।



# अखिलेश की रैली को लेकर जिलेभर से सपाइयों ने कमर कसी

## रवाना होगा 300 कारों और 50 बसों का काफिला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी 29 मार्च को दादरी में आयोजितसमा. जवादी समानता भाईचारा रैली को लेकर समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी कार्यालय आयोजित बैठक में विस्तृत रणनीति तैयार करते हुए सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने तैयारियों की समीक्षा भी की। संचालन जिला महासचिव सोमपाल सिंह - कोरी नेकिया। जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि रैली में सपा राष्ट्रीय अध् यक्ष अखिलेश यादव के आगमन को देखते हुए जनपद से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को ले जाने की तैयारी की जा रही है। जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि जनपद से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक दादरी पहुंचकर रैली को ऐतिहासिक - बनाएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि जिले भर से 300 से अधिक कारें और 50 बसें रैली के लिए रवाना होंगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक मेंसपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गन्ना विकास समिति के स्थाई कार्यालय को प्रस्ताव पारित

**मोरना।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि.मोरना की वार्षिक साधारण सामान्य सभा का आयोजन किया गया।जिसमें बीते वर्ष के खर्च व आगामी वर्ष के लिये बजट पर चर्चा की गई।व किसानों की समस्याओं व सुझावों को सुना गया।

मोरना के निकट गांव भिड़ाहेड़ी में जानसठ मार्ग पर स्थित बैंक्विट हॉल में शुक्रवार को सहक. ारी गन्ना विकास समिति लि. मोरना की वार्षिक साधारण सामान्य सभा का आयोजन किया गया जिसमें डायरेक्टर्स,सभापति पति, उपसभापति व अधिकारियों सहित किसानों ने भाग लिया बैठक में समिति के सचिव ओमप्रकाश सिंह ने 2025-26 के समिति खर्च वह आगामी 2026 -27 के बजट को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा किसानों की समस्याओं को सुना वही बैठक में समिति के स्थाई कार्यालय की स्थापना सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 7 करोड रुपए के खर्च के अनुमोदन को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। उपसभापति ऋषिपाल सिंह ने गन्ना छिलाई की मशीन को अनुदान पर उपलब्ध कराने की मांग की जिससे गन्ने की फसल पर बढ़ते लेबर के खर्च को कम किया जा सके।वहीं किसानों ने गन्ने की फसल पर बढ़ते खर्च व घटते उत्पादन पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि किसानों को उन्नत प्रजाति के गन्ने के बीज को मुफ्त दिया जाये व ब्लॉक् स्तर पर भूमि की नि:शुल्क जांच।अप्रैल, मई, जून माह में किसानो की फसलों व गन्ना कोल्हुओं में आग लगने की घटनाओं को रोकने के उपाय व ब्लॉक् स्तर पर फायर बिग्रेड की व्यवस्था होने की मांग की गयी।




इस दौरान मुख्य रूप से समिति सभापति प्रतिनिधि के रूप में अरुण कुमार तथा उपसभापति ऋषिपाल सिंह डायरेक्टर प्रेमपाल सिंह जट मुझेड़ा, पंकज कुमार डायरेक्टर बेहड़ा सादात, महेश पाल डायरेक्टर नगला बुजुर्ग, नरेंद्र पाल डायरेक्टर अलमावाला, जितेंद्र सिंह डायरेक्टर चांदपुर आदि सहित किसानों ने भाग लिया।

## शुकतीर्थ में धूमधाम से मनाया गया श्री रामनवमी उत्सव

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में श्री हनुमत जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर रामनवमी पर श्रीराम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्री गुरुकृपा मानस मंडल झिंझाना के सेवकों ने सुंदरकांड पाठ का गुणगान किया तथा बधाई गीत गाए।

हनुमद्धाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज, स्वामी गीतानंद महाराज, स्वामी ब्रहम स्वरूपानंद महाराज, आनंद स्वरूपानंद महाराज, स्वामी विज्ञानानंद महाराज आदि साधु-संतों समेत दूर दराज क्षेत्रों से आए अनेक राम भक्तों ने राम चरित मानस का पाठ गुणगान किया। श्री गुरुकृपा मानस मंडल झिंझाना से जुड़े हितकरी मित्तल, अमित शर्मा, संजय कुमार ने सुंदरकांड पाठ का गुणगान किया तथा बधाई गीत भी गाए।

राजकुमार अग्रवाल ने रामजन्म सस्तुति प्रस्तुत की। श्रीराम दरबार मंदिर में पंडित परशुराम ने श्रीराम आध्यात्मिक प्रन्यास के ट्रस्टी आरके टंडन पत्नी मधु टंडन कानपुर, मनोज अग्रवाल पत्नी जयश्री अग्रवाल कोलकाता श्रीराम जी का विशेष पूजन कराया। समापन पर सामूहिक आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज ने राम भक्तों को बधाई भी बांटी। कार्यक्रम में मुंबई से आए भीम सैन गोयल, जीके अग्रवाल, कंवर सैन गोयल, जितेंद्र कुमार, राजीव गुप्ता, संतोष सिंहा, सदीप गोयल आदि मौजूद रहे।



### सूचना

यह कि मैं शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरा नाम रक्शन्दा कोकब पत्नी मौ. समदानी बाशा पुत्री मरहूम सैय्यद नोमान अली निवासी श्याम नगर मकान नं. 152 भोपाल की कोठी के सामने, पिल्लौखडी रोड, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, मेरठ-250002 है। मेरे पति से मेरा संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। मेरा एक प्लॉट अम्बा विहार मदरसा चिरागिया पर पूरब आराजी दीगर व्यक्ति, पश्चिम रास्ता 25 फुट चौड़ा, उत्तर आराजी दीगर व्यक्ति, दक्षिण मकान जुगनू आदि, मुजफरनगर में है। वहीं दूसरा एक प्लाट नूर नगर, एरा गार्डन प्लाट नम्बर GE/A-025 मेरठ में है। साथ ही मेरे पति का मेरी संपत्ति में कोई हक नहीं है। अगर कोई फर्जी कागजों के माध्यम से मेरी संपत्ति बेचने का प्रयास करेगा तो इसका जिम्मेदार खुद खरीदने व बेचने वाला होगा। -हाल निवासी केयर ऑफ सैय्यद शाह फैसल मकान नं. -141, खालापार निकट पुलिस थाना मुजफ्फरनगर-251001

## जौला में एसडीएम ने स्कूल का किया इनॉग्रेशन

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में शुक्रवार के दिन नई शिक्षण संस्था ग्रोइंग ट्री पब्लिक स्कूल का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। स्कूल का संचालन इसी गांव के निवासी रिटायर्ड आर्मी के जवान गुलजार राणा की देखरेख में किया जाएगा।

बतोर मुख्य अतिथि के रुप में अपने संबोधन में बुढाना एसडीएम ने ग्रामीणों को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में अपार क्षमता है। अब तो ऐसी तकनीकें हैं कि कंप्यूटर के माध्यम से बच्चों का डिजिटाइजेशन हो सकता है। जिससे कि वे वैश्विक स्तर पर जानक. ारी प्राप्त करके खुद को स्थापित कर सकें। यह स्कूल बच्चों के स व ा ॅ ग ी ण ा विकास पर जोर देगा मुझे ऐसी उम्मीद है।

उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि अनुसार करियर चुनने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि खेलों से स्वास्थ्य और अनुशासन दोनों बेहतर होते हैं। अंत में उन्होंने रिटायर्ड फौजी गुलजार का आभार व्यक्त किया। यहां सहकारी बैंकों के सभापति रामनाथ ठाकुर सिंह, रईस खाकसार, इमरान मास्टर, मास्टर ताहिर, मुफ्ती आजाद, ठाकुर कालू, ताहिर ठेकेदार, हाजी जमशेद, एडवोकेट गुलरेज राणा, जीशान अहमद आदि मौजूद थे।



# राम जन्मोत्सव पर निकाली गई कलश यात्रा

**बुढ़ाना।** आज बुढ़ाना कस्बे में रामनवमी का पर्व अत्यंत धार्मिक उत्साह, उमंग और पारम्परिक धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान श्री राम जन्म उत्सव कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। जिसमें योगपुरा मंदिर में पहले सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की और फिर शोभा यात्रा समारोह में भाग लिया।

भगवान श्री राम के जन्म दिवस के इस शुभ अवसर पर श्रद्धालु सुबह से ही प्रार्थना करने के लिए उमड़ पड़े थे। विशेष पूजा और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया जिससे मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार एकल श्री हरि मन्दिर रथ उत्सव विभाग के अन्तर्गत एकल अभियान के तहत बुढ़ाना कस्बे में शुक्रवार को श्री राम जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभा यात्रा का सफल आयोजन हुआ। इस यात्रा का शुभारम्भ कस्बा बुढ़ाना के पैंठ बाजार बड़ौत बायपास योगपुरा रोड पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर पीठ बाजार को निकल. कर रामद्वार ओर होली चौक के रास्ते से होती हुई मास्टर कॉलोनी में को निकलकर प्रदीप द्वार के रास्ते बड़ौत रोड पर पहुंची और फिर उसके बाद दयानंद चौक से डीएवी रोड के रास्ते होते हुए वापस अपने उद्गम स्थल पर समाप्त हुई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप रहे।



शोभा यात्रा में रामायण के ख्रश्यों को दर्शाने वाली सुंदर झांकियां भी थी और साथ ही भगवान राम, मां सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां भव्य रथों पर स्थापित थी। महिलाओं व बच्चों श्रद्धालुओं ने धार्मिक नारे लगाते हुए भक्ति गीत गाते हुए भाग लिया। कई स्थानों पर शोभायात्रा पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गई जबकि बाजार मे संगठनों ने प्रसाद व जलपान वितरित किया। अध्यक्षता सुधीर सैनी ने की। यहां कृष्णपाल, ऋषिपाल, मुक. ेश शर्मा, नीरज कश्यप, अरविंद कुमार, अरुण पाल व मुकेश कश्यप आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर चालक पर हमला, भाई को भी पीटकर किया घायल

## रास्ते में खड़ी बाइक से रास्ता रुकने पर हुआ विवाद

**मोरना।** रास्ते से बाइक हटाने को लेकर हुई मामूली कहासुनी के बाद ट्रैक्टर चालक व उसके भाई के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की शाम वह कोल्हू में गुड़ बनवाकर ट्रैक्टर द्वारा लौट रहे थे जैसे ही वह मोरना पुलिस चौकी के पास पहुंचे वहां कुछ युवक बाइक को खड़ी कर बीच रास्ते में खड़े थे। रास्ता देने को कहनें पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने शांत करा दिया।

आरोप है जब पीड़ित जानसठ मार्ग पर स्थित भूमिया मंदिर के पास अपने घर की ओर मुड़ रहे थे, तभी वही युवक दोबारा पहुंचे और ट्रैक्टर के सामने बाइक को खड़ी कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।शोर सुनकर आये अनिल के भाई जतिन फौजी ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी और सिर पर डंडा मारकर घायल कर दिया। घटना के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने आरोपी गोलू, अर्पित व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में कार क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर एक मकान से जा टकराई। जिसमें कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ौत मार्ग पर शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते होते टल गया। जिसमें बायवाला चौकी के पास एक कार ई रिक्शा को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में जा घुसी और एक मकान की दीवार से टकराई और कई पलटे खाकर पलट गई। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुढ़ाना बड़ौत मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही एक आई-10 कार के सामने अचानक एक ई-रिक्शा आ गया। टक्कर से बचने के प्रयास में कार चालक ने वाहन को तेजी से खेतों की ओर मोड़ दिया जिससे कार अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार खेत में बने एक मकान की दीवार से जा टकराई और कई पलटे खाकर पलट गई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और कार में फंसे चालक को बाहर निकाला। चालक की पहचान भड़ल निवासी रिहान पुत्र गुलफाज के रूप में हुई है जो बुढ़ाना से अपने घर लौट रहा था। गनीमत रही कि हादसे में उसे केवल मामूली चोटें आई। इस हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बायवाला पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। बायवाला चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह के अनुसार हादसा ई रिक्शा बचाने के कारण हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### दुकानदार व उसकी पत्नी को पीटकर किया घायल

**बुढ़ाना।** एक दुकानदार ने उसकी दुकानघ पर बिना कारण के ही तोड़फोड़ करने वाले और विरोध करने के बाद उसे और उसकी पत्नि को पीटने वाले सभी हमलावरों के खिलाफ बुढाना पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार आबिद पुत्र साजिद निवासी भारत हाल के पास कस्बा बुढाना ने पुलिस को बतलाया कि बीती दिनों में अपनी दुकान पर बैठा था। तभी रहमान, सलमान, अब्दुला उर्फ मन्डा पुत्रगण मो. हसीन और एक अज्ञात व्यक्ति निवासी चन्धेडी रोड बुढाना के रहने वाले व्यक्ति ने मेरी दुकान पर आकर मेरी दुकान पर तोडफोड करने लगे तथा मुझे गाली गलौच करने लगे। जब मैने उनका विरोध किया तो मेरे साथ लाठी डण्डो से दुकान के बाहर निकालकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। जब मेरी पत्नी गुलशन ने विरोध किया तो उसके साथ भी गाली गलौच करने लगे। मुझे पीटते देखकर मौहल्ले के व्यक्ति फिरोज व कुछ लोगो ने मुझे उनसे छुडवाया। जिसके बाद वे मुझे सब लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गये। उनकी धमकी से मैं बहुत डरा व सहमा हुआ था। पीड़ित ने पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित दुकानदार आबिद की तहरीर पर उक्त लोगोंघ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस में संघ यात्रा: संगठन व सेवा के 100 वर्ष विषय पर क्विज प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटडूशंस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'संघ यात्रा: संगठन व सेवा के 100 वर्ष' विषय पर एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान के विभिन्न विभागों से कुल 487 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान एवं संगठनात्मक समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता के नियमों और संरचना की विस्तृत जानकारी दी गई। क्विज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास, विचारधारा, राष्ट्र निर्माण में योगदान, सामाजिक सेवा कार्यों एवं संगठनात्मक संरचना से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन इसकी स्थापना हुई थी और आज यह संगठन 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्र पूर्ण कर चुका है। उन्होंने सामाजिक समरसता, सेवा कार्य द्धआपदा राहत, शिक्षा, स्वास्थ्यत्रः, राष्ट्रवाद एवं सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रश्नों का स्तर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप रखा गया, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य की परीक्षाओं में भी लाभ मिल सके। संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन छात्रें में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम एवं सेवा भावना को विकसित करते हैं और युवा पीढ़ी को संघ के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, डीन डॉ. अजय सिंह, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. विजया डी. तथा फार्मेसी प्रिंसिपल डॉ. सचिन सिंहल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के सफल संचालन में इंजीनियर निकुल चौधरी, गौरव राजपूत, उदित कुमार चौहान, डॉ. शीतल राजपूत, डॉ. कावेंद्र यादव एवं महिपाल सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उनके समग्र विकास में सहायक सिद्ध हुआ।

### अज्ञात चोरों के विरुद्ध आरआरयू चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** लगभग पांच लाख रुपये की कीमत की आरआरयू चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार दिलनवाज त्यागी पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी निकट चांदनी वाला मन्दिर कस्बा बुढाना ने बताया कि वह एयरटेल कम्पन्नी मे टेक्निसियन के पद पर कार्यरत हैं। जनजीवन हास्टपिल नदी पुल पार छत पर एक टावर लगा हुआ है। जिसमे बीते 24 मार्च की रात्रि 4 बजे के करीब अज्ञात चोरो द्वारा टावर मे लगा आरआरयू उपकरण चोरी कर ले गये। जिसकी सूचना मुझे अगले दिन प्राप्त हुई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हिंदू नववर्ष व राम जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन

**खतौली।** हिंदू नववर्ष और राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बिश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में के.के. पब्लिक स्कूल, जैन नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम एवं भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर संघ चालक अशोक अग्रवाल ने अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य संजीव जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संच. ालन नगर मंत्री आतिश गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के मूल आदर्श हैं, जिनका जीवन मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरे हिंदू समाज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने लोगों से श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

उन्होंने यह भी बताया कि भगवान श्री राम का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और संयम बनाए रखना चाहिए। एक आदर्श पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में उनका चरित्र समाज को सही दिशा देता है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सत्संग प्रमुख प्रदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, संरक्षक राकेश गुप्ता, व्यवस्था प्रमुख विजय शंकर गोयल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा मौजूद रहे। अंत में भगवान श्री राम एवं भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# सीओ कार्यालय व आवास भवन का एसएसपी ने किया उद्घाटन

**भोपा।** भोपा में मुजफ्फरनगर मार्ग पर गंग नहर पुल के पास नव निर्मित क्षेत्राधिकारी कार्यालय व आवास का उद्घाटन शुक्रवार की शाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

भोपा में नवनिर्मित सीओ कार्यालय व आवास भवन का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया।पूर्व में यह कार्यालय मोरना खंड विकास कार्यालय परिसर में निष्प्रयोजय भवन में 13 वर्षों से अस्थाई रूप से स्थापित था। नव निर्मित भवन अब स्थाई रूप से कार्यालय होगा जहां अधिकारी के आवास की भी व्यवस्था की गई है। कार्यालय का ग्राउंड फ्लोर 11 04 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में है।जिसमे ग्राउंड फ्लोर व प्रथम मंजिल में तीन तीन कमरे हैं वहीं बराबर में टाइप फ़ॉर आवास बनाया गया है।जो 1920 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में है।जिसमें चार कमरे फैमिली लॉज,डाइनिंग एरिया,गेस्ट एरिया, ड्राईंग रूम,स्टोर,सर्वेंट रूम,किचन, तीन बाथरूम,बरामदा,गैराज आदि का निर्माण किया गया है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत बाजपेयी,सीओ जानसठ रुपाली राव, सीओ सदर डॉ. रवि शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह,अपराध निरीक्षक नरेंद्र कुमार,थानाध्यक्ष ककरौली जोगेन्द्र सिंह,एस एस आई कर्मवीर सिंह शुक्रताल चौकी प्रभारी विवेक कुमार, मोरना चौकी प्रभारी पिंटू कुमार ,सीकरी चौकी प्रभारी सपन चौधरी,जौली चौकी प्रभारी सुमित चौधरी बरुकी चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह, भोपा हल्का इंचार्ज स"यद इतरतअली, उपनिरीक्षक बनी सिंह, शिव कुमार शर्मा,विजय कुमार



शर्मा, मनोज कौशिक, सतेन्द्र सिंह, हसन अली, साजिद अली ,रईसुल्लाह खान, महिला उप निरीक्षक अजय यादव,हैड मुंशी पवन शर्मा, शैलेश कुमार, शजर आलम,प्रवीण कुमार,अरुण देवल आदि मौजूद रहे । पण्डित अश्विनी त्रिपाठी व आशीष शर्मा ने मंत्रोच्चार किया।

# मां भगवती के जागरण में झूमे सैंकड़ों श्रद्धालु



**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की मास्टर कालोनी में स्थित अग्रसेन पार्क में बीती बृहस्पतिवार की देर रात से शुरु हुआ मां भगवती जागरण शुक्रवार को दिन निकलने तक चला।

जागरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र त्यागी और कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने संयुक्त रूप से माता रानी की चरण वंदना करते हुए किया। इस जागरण में प्रसिद्ध गायक सहित अन्य कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुंदर झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के लिए मां भगवती का भव्य दरबार सजाया गया था। पूजन अर्चन के बाद जागरण पार्टी कलाकारों ने मां शारदे व गणेश वंदना के साथ जागरण की शुरुआत की। उन्होंने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है और देदे थोड़ा प्यार मैया तेरा क्या घट जाएगा जैसे भजन प्रस्तुत किए। यहां मां भगवती के भजनों का गुणगान कर समां बांध दिया। भजन प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी पर श्रोता झूम उठे। द्वारे चलिए मैया के द्वारे चलिए और झूठी दुनिया से मन को हटा ले ध्यान मैया जी के चरणों में लगा ले जैसे कई लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए जिन पर भक्तों ने खूब आनंद लिया। तेरा बाला जी महाराज बाजे डंका मेहंदीपुर में और मैंने सब कुछ पाया मैया जी बस तेरा दर्शन पाना बाकी है जैसे भजन सुनाए। गायकों ने मां भगवती के जगराते में अपनी प्रस्तुति दी। पूरी रात महामाई को प्रसन्न करने के लिए भजनों का सिलसिला चलता रहा। इस जागरण के दौरान प्रस्तुत की गई मनमोहक झांकियां, जिनमें हनुमान और राधा-कृष्ण नृत्य शामिल थे विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इन झांकियों पर भी भक्त खूब झूमे। इस विशाल जागरण में नगर व क्षेत्र से सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम सफल बनाने पत्रकार मनोज भारद्वाज का खूब सहयोग रहा।

# रामनवमी पर भक्ति की बही धारा, भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

**श्री हरि संकीर्तन मंडल ने प्रस्तुत की झांकियां**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में रामनवमी के पावन अवसर पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री राम मंदिर एकादशी वाला में जैसे ही दोपहर 12:00 बजे भगवान श्री राम के जन्म का शुभ क्षण आया, पूरा मंदिर परिसर शंख ध्वनि, घंटों-घड़ियालों, ढोल-मजीरों और भजन-कीर्तन से गूंज उठा। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाया। यह आयोजन पूर्व वर्षों की भांति श्रीहरि संकीर्तन मंडल द्वारा संपन्न कराया गया।

वहीं, श्री राम मंदिर पंजाबी कॉलोनी में भी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मां काली मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात सुबह विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर नगर में एक भव्य शोभायात्र भी निकाली गई, जो वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुई। शोभायात्र शाम करीब 6रू00 बजे पड़ाव चौक से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः वहीं आकर संपन्न हुई।

शोभायात्र में श्री रामलला, श्री खाटू श्याम, मां दुर्गा, बजरंगबली वानर सेना, मां सरस्वती और गणेश जी की आकर्षक झांकियां प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और डीजे की धुनों पर भक्ति भजनों के साथ हजारों श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम में पंडित वासुदेव शर्मा, महेश शर्मा, अजय शर्मा, विकास कौशिक,वैध प्रदुमन शर्मा, प्रतीक वत्स, अंकुल भारद्वाज, दीपक मेहरा, संजय, रिंकू कौशिक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

# एक्सपर्ट एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित, नन्हे-मुन्ने बच्चों को बांटे गए उपहार



**शाहपुर।** एक्सपर्ट एकेडमी में आज कक्षा नर्सरी से सेकंड क्लास तक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा सेकंड तक के सभी अभिभावक व कस्बे के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान क्रमशः कक्षा नर्सरी में रुद्राक्षी रुहेला, हसनैन व केशव, कक्षा एलकेजी में कबीर, नित्या व अभिनव, कक्षा यूकेजी में अरीबा, वेदांश व आयशा, कक्षा फर्स्ट में अल शिफा, अवनी, पलक, कक्षा सेकंड में अक्षित, पार्थ व वाणी ने प्राप्त किया। बच्चों के माता-पिता काफी खुश थे और विद्यालय में खुशी का माहौल था। स्कूल प्रबंधक प्रवीन्द कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी अभिभावक को धन्यवाद दिया।

### अज्ञात कार चालक के विरुद्ध हुई रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** अज्ञात कार चालक के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस ने एक पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की हे। मिली जानकारी के अनुसार अमर पाल पुत्र ईश्वर सिंह निवासी ग्राम निरपुडा थाना दोघट जनपद बागपत ने बुढ़ाना पुलिस को विगत दिवस एक तहरीर देते हुए बतलाया था कि बीती 07 मार्च की शाम उसका लडका सक्षम राणा मोटर साईकिल से बुढाना से गांव निरपुडा जा रहा था। जब लडका कस्बा बुढाना के बडौत रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प के आगे निकला तो पीछे से तेज गति से आ रही स्विफ्ट कार गाडी ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें मेरा लडका सडक पर जाकर गिरा। लडके की हाथ की 3 जगह से हढी टूट गयी। बाईक भी क्षतिग्रस्त है। दुर्घटना के दौरान घायल लड़के ने डायल नंबर 112 पर फोनघ किया तो पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लड़के को हस्पताल पहुंचाया। पीड़ित पिता ने पुलिस से आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शाहपुर मे धूमधाम से निकली रामनवमी रथयात्रा



**शाहपुर।** रामनवमी के पावन पर्व पर कस्बे में भव्य रथयात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रथयात्रा का शुभारंभ योग साधना आश्रम बघरा के पीठाधीश्वर यशवीर महाराज के द्वारा किया गया।

रथयात्रा से पूर्व सिद्धपीठ मा गो. कुला देवी मंदिर के महंत श्यामसुंदर मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया गया। पूजन के मुख्य यजमान आवासन समिति के सभापति और बुढाना विधायक राजपाल बालियान रहे। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष संजय राठी, नगर पंचायत के सभासद सोनू सैनी, वरिष्ठ सपा नेतासत्येंद्र पाल, प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, सेवा भारती के खंड प्रमुख विजय बंसल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह संदीप बंसल, नामित सभासद कपिल सैनी, सावंत नामदेव, अभिषेक बालियान मंदिर मेला कमेटी के प्रबंधक अजय बंसल भगतजी, अजय गोयल, सुरेंद्र जिंदल, मनोज सिंघल विजय गोयल, संदीप जैन, डॉक्टर मोहित शर्मा, मनीष सिंघल, जितेंद्र धवन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रथयात्रा मे बैंड बाजों सहित डीजे की धुन पर रंगमंच के कलाकार राहुल कश्यप के निर्देशन मे सजीव झांकियां भी दिखाई गई। शोभायात्रा प्राचीन शिव मंदिर से शुरू हुई जो कस्बे के महर्षि बाल्मिकी मंदिर से होकर मुख्य बाजार के रास्ते होकर सिद्धपीठ मा गोकुला देवी मंदिर पर सम्पन्न हुई। सिद्धपीठ गोकुला देवी मंदिर के तत्वाधान मे रामनवमी से लेकर चौत्र शुक्ल चतुर्दशी तक चलने वाले विशाल मेले का भी शुभारंभ किया गया। शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी, राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# एसडी मैनेजमेंट में बीएससी पंचम सेमेस्टर का परिणाम घोषित



**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में बी.एससी. (कंप्यूटर साइंस) पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहा गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के डॉ. संदीप मित्तल एवं बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायल के करकमलों द्वारा किया गया। दोनों ही शिक्षाविदों ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्रों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि ष्सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और सही दिशा में की गई मेहनत से मिलती है। आज के ये परिणाम छात्रों की लगन और उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। वहीं बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा इस दौर में कंप्यूटर साइंस के छात्रों के पास अपार संभावनाएं हैं। यदि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।घोषित परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में प्रथम स्थान हर्षित शर्मा ने 86.33: अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान सुयश शर्मा ने 86. 17: अंकों के साथ प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान रिमिल ने 85.83: अंक प्राप्त कर प्राप्त किया। इन तीनों मेधावी छात्रों को कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी टॉपर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्होंने किस प्रकार नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के माध्यम से यह सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं साथियों का आभार व्यक्त किया, । छात्रों ने अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। किसी ने उच्च शिक्षा के लिए एम.सी.ए. करने की इच्छा व्यक्त की, तो किसी ने सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा साइंस एवं आईटी सेक्टर में करियर बनाने की बात कही। कुछ छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का भी संकल्प लिया। इस संवाद के माध्यम से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली कि वे अपने लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में मेहनत करें। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगणचन्दना दीक्षित, रजत शर्मा, हर्षित गोयल, हर्षिता, निरंकार शर्मा, देवेश भारद्वाज, नवनीत चौहान, अंकुर अग्रवाल, अनुज गोयल, रोबिन मलिक, शेखर, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, अमित, सतीश, शशांक भारद्वाज, लवी वर्मा एवं पवन बालियान शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सामाजिक भाईचारा रैली की तैयारियां हुई तेज

## सपा कार्यकर्ताओं ने दर्जनों गांवों का किया दौरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी द्वारा 29 मार्च को दादरी में आयोजित होने वाली सामाजिक समानता भाईचारा रैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार और जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने भैंसवाल, गढ़ी पुख्ता, भभीसा और सुन्ना सहित कई गांवों का दौरा कर रैली की तैयारियों का जायजा लिया।

जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत सांसदों, विधायकों, विधानसभा अध्यक्षों और विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के जिलाध्यक्षों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जनसंपर्क कर रहे हैं और रैली में शामिल होने वाले लोगों की सूची तैयार कर रहे हैं, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में रैली में पहुंचेंगे। वहीं समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सैनी ने बताया कि युवाओं में इस रैली को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। युवा कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों से दादरी पहुंचेंगे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ाका जोरदार स्वागत करेंगे। रैली में शामिल होने के लिए शामली से कार्यकर्ताओं के प्रस्थान की भी विस्तृत योजना बनाई गई है। बताया गया कि कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों के माध्यम से भैंसवाल रोड स्थित जिला कार्यालय से सुबह 9 बजे दादरी के लिए रवाना होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने दावा किया कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में आयोजित यह रैली ऐतिहासिक साबित होगी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और आसपास के जिलों से भारी संख्या में लोग इसमें भाग लेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह रैली प्रदेश की राजनीति में बदलाव की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# मुल्लापुर फायरिंग में दो गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों से पिस्टल की बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव मुल्लापुर में 20 मार्च को हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का थानाभवन पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में सागर पुत्र महेश निवासी मुल्लापुर तथा एक नाबालिग युवक विहान पुत्र नीरज निवासी गांव गोसगढ़ शामिल हैं।

पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव मुल्लापुर निवासी गुलाब पुत्र भुल्लन ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 20 मार्च को वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते सागर और उसके साथी ने उस पर जान से मारने की नीयत से 10 राउंड के करीब फायरिंग कर दी। इस घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई थी। सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई थी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुल्लापुर नदी के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हथछोया में जमीनी रंजिश में हुआ खूनी संघर्ष

## भाकियू प्रदेश महासचिव समेत कई नामजद, महिलाओं तक को नहीं बख्शा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव हथछोया में पुरानी जमीन की रंजिश को लेकर बृहस्पतिवार सुबह बड़ा खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव जावेद तोमर समेत कई लोगों ने मिलकर एक परिवार पर सुनियोजित तरीके से हमला बोल दिया, जिसमें महिलाओं तक को नहीं बख्शा गया। हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता रजिया तोमर के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उसके पिता अफजाल अपने बेटों व अन्य परिजनों के साथ गन्ने के खेत में काम कर रहे थे। तभी गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपित ने एकजुट होकर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व फावड़ों से हमला बोल दिया। हमले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अफजाल अपनी जान बचाने के लिए खेत में बने कमरे में छिपने को मजबूर हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचीं परिवार की महिलाओं पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। इस दौरान रजिया तोमर, सुफियान तोमर, नुसरत समेत कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 व चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने भाकियू के प्रदेश महासचिव जावेद तोमर समेत कई नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में जावेद तोमर, आमिर तोमर उर्फ आसिफ, सलीक पुत्र जिंदा, उमरदीन पुत्र नगीना, कोसर पुत्र उमरदीन, तसव्वर उर्फ हंडू पुत्र जबरदीन, उमरदीन उर्फ गिन्ना, जानिसार उर्फ जानी पुत्र असद, मोईन पुत्र मतलूब, सोयाब पुत्र कोसर, इंतजार पुत्र असद उर्फ हस्द और सलीम पुत्र शेरा शामिल हैं। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि खसरा नंबर 510 की जमीन को लेकर चल रहे विवाद के चलते साजिश के तहत हमला कराया गया। यह मामला पहले से न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों द्वारा पूर्व में भी धमकी दी गई थी जिसकी शिकायत में करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी, जिसके चलते यह घटना हुई। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सड़क सुरक्षा संवाद पर कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा 24 व 25 मार्च 2026 को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों ने भाग लेकर सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यशाला में शामिल स्काउट-गाइड के जिला प्रशिक्षण आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त और मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जनपदों में ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाएंगे। वे विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाना है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने प्रतिभागियों को संकल्प दिलाया कि वे स्वयं और अपने परिवार के सदस्य यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए, तो सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। वहीं डॉ. किंजल सिंह ने कहा कि स्काउट-गाइड जैसी अनुशासित संस्था के सहयोग से सड़क सुरक्षा के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के कारण, उनके निवारण, यातायात नियमों के पालन और जनजागरूकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रतिभागियों को जागरूक करने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिससे उन्होंने रोचक तरीके से यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त की। इस कार्यशाला में शामली जनपद से भी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला मुख्य आयुक्त/सीडीओ विनय कुमार तिवारी एवं डीआईओएस के निर्देशन में जिला सचिव डॉ. हीरा सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी तथा जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने प्रतिभाग कर अपने जनपद का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यशाला से प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने की प्रेरणा मिली।

## घेर में बने कमरे में चोरी की हुई वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गांव मादलपुर निवासी शुभम कुमार, जो वीरेंद्र शर्मा के पुत्र हैं, 18 मार्च को अपने परिवार के साथ अपने बेटे का मुंडन संस्कार कराने के लिए शाकुम्भरी माता के दरबार गए हुए थे। धार्मिक कार्यक्रम के चलते पूरा परिवार 19 मार्च को भी वहीं रुका रहा।

इस दौरान उनका घर और घेर खाली पड़ा रहा, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। बताया गया कि 20 मार्च की शाम को जब शुभम कुमार अपने परिवार के साथ वापस गांव लौटे, तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी नहीं थी। अगले दिन जब उनके पिता घेर में पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि वहां रखा क्रम्पटन कंपनी का मशीन का मोटर गायब है। इससे स्पष्ट हो गया कि चोर ताला तोड़कर मोटर चोरी कर ले गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया। शुभम कुमार ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। इसके बाद पीड़ित ने थाना भवन में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद गांव में लोगों में चिंता और असुरक्षा का माहौल देखा जा रहा है।

# साधारण सभा में किसान हित पर मंथन

## सभा में गांवों में खाद्य गोदाम की कमी का उठाया मुद्दा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में सहकारी गन्ना विकास समिति द्वारा शुक्रवार को वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में जिले और आसपास के क्षेत्रों से सभी किसानों के प्रतिनिधि और डेलीगेट उपस्थित रहे। सभा का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनना, उनकी आवश्यकताओं को समझना और समिति के कार्यों में सुधार लाना था।

सभा का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सभापति विक्रांत निर्वाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित किसानों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य हमेशा किसानों के हित में कार्य करना रहा है और इसके लिए किसानों के सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी डेलीगेट से अपील की कि वे समिति और किसान हित में अधिक से अधिक सुझाव दें ताकि समस्याओं का समाधान जल्दी से जल्दी किया जा सके। सभा में चर्चा का एक मुख्य विषय पूर्व वर्षों में किसानों को वितरित किए गए उर्वरक, कीटनाशक और अन्य सामग्री की वसूली से संबंधित रहा। डेलीगेटों ने बताया कि वसूली न होने के कारण उस धनराशि पर मूलधन से अधिक ब्याज जमा हो गया है। इस पर समिति से आग्रह किया गया कि किसानों के हित में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की जाए, ताकि किसानों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और वसूली आसानी से हो सके। साथ ही डेलीगेट विजय कुमार ने बंतीखेडा गांव में खाद्य गोदाम की कमी को लेकर सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को जब तक जानकारी मिलती है, गोदाम पर यूरिया और डाई खत्म हो जाती है। इसलिए क्षेत्र में एक स्थायी खाद गोदाम की स्थापना आवश्यक है, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर एसडीआई प्रेमनारायण शुक्ला, सचिव ओमप्रकाश, उप सभापति गौरव कुमार, राजू निर्वाल, विनोद कुमार, राजबीर सिंह, सुधीर, योगेन्द्र और सतेन्द्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा में सभी डेलीगेटों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और किसानों के हित में कई सुझाव दिए। इस वार्षिक साधारण सभा ने किसानों और समिति के बीच संवाद को मजबूत किया और समिति के कार्यों में पारदर्शिता और सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही आगामी कार्यों के लिए योजना और रणनीति तैयार करने में भी सहायता मिली।

## फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने का आरोप, कोर्ट के स्टे के बावजूद धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने और उगाही का मामला सामने आया है। ग्राम अशरफपुर निवासी जोगेन्द्र पुत्र प्यारेलाल ने कुछ लोगों पर उनकी खरीदी हुई संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कैराना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उसने अपने भाई पंचराज के साथ 29 नवंबर 2011 को ग्राम बरनावी निवासी शीशो से एक लाख 80 हजार रुपये में उक्त संपत्ति खरीदी थी। जांच में पता चला था कि यह जमीन वर्ष 1991 में सतपाल से सोमबीर और बाद में वर्ष 2010 में शीशो के नाम बैनामे के जरिए हस्तांतरित हुई थी। खरीद के बाद से दोनों भाई जमीन पर दुकान बनाकर लगातार काबिज हैं। आरोप है कि ग्राम जमालपुर निवासी कमल और सुधीर, जिनका इस संपत्ति से कोई संबंध नहीं है, दुकान पर पहुंचकर उन्हें बेदखल करने की धमकी देने लगे और रुपये की मांग करने लगे। विरोध करने पर पीड़ित ने सिविल न्यायालय कैराना में वाद दायर किया, जिस पर न्यायालय ने उनके पक्ष में स्थगन आदेश द्धस्टेक्ष जारी कर दिया, जो अब भी प्रभावी है। इसके बावजूद आरोप है कि 12 फरवरी 2026 को आरोपियों ने साजिश के तहत सब-रजिस्ट्री कार्यालय कैराना में कथित रूप से फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति का बैनामा वसीम पुत्र दिलशाद निवासी पावटीकला और संजीव पुत्र हरपाल सिंह निवासी अलीपुर के नाम करा दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी भूमाफिया प्रवृत्ति के हैं और उनकी संपत्ति हड़पने के साथ ही उन्हें डराकर रुपये वसूलने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## हाईवे किनारे अज्ञात वृद्ध बेहोश मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में बागपत सीमा से सटे हाईवे किनारे एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। राहगीरों की नजर पड़ने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने तत्काल पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस कर्मियों की सहायता से बेहोश व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी होश न आने पर हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एलम के निकट बागपत सीमा के पास एक वृद्ध व्यक्ति हाईवे किनारे पड़ा हुआ था। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर स्थानीय लोगों ने मानवीय पहल करते हुए पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है। पहचान होने पर परिजनों को सूचित कर सपुर्द किया जायगा।

# पत्रकार एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गंगेरू मार्ग स्थित मीडिया कार्यालय पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता पर जोर दिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष इंद्रपाल पांचाल व वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार ने पदाधिकारियों व सदस्यों को पहचान पत्र और नियुक्ति पत्र वितरित किए तथा संगठन के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला अध्यक्ष ने देवेंद्र कुमार को तहसील अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही संगठन से जुड़े दर्जनों नए सदस्यों को भी कार्ड और नियुक्ति पत्र दिए गए। इस दौरान संगठन के विस्तार और सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष इंद्रपाल पांचाल ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन प्रतिबद्ध है। उन्होंने पदाधिकारियों से संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। बैठक में इस्ताखार आलम, फुरकान जंग, ऋषिपाल काला, आरिफ जंग, राजीव चौहान, मुनव्वर हसन, दिलशाद, पुष्पेंद्र चौहान, आदिल राणा, नईम, रोमी मलिक, वासिद जंग, इरफान मो. हसिन रहमानी समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# यूपीआई ठगी के शिकार परिवार को बड़ी राहत

## कैराना साइबर सेल ने 2.08 लाख रुपये कराए वापस

**□ दो किश्तों में 3.97 लाख की हुई थी ठगी, तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने पीड़ित के खाते में लौटवाई आंशिक रकम।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच कैराना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यूपीआई ठगी के शिकार परिवार को बड़ी राहत दिलाई है। कैराना की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने ठगी के शिकार पीड़ित के खाते में दो लाख आठ हजार आठ सौ रुपये वापस कराए हैं।

पुलिस के अनुसार कस्बे के मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी मौ. नवाजिश पुत्र खालिद व उनके परिजनों के बैंक खातों से 20 जनवरी 2025 और 30 मार्च 2025 को यूपीआई के माध्यम से कुल 3,97,100 रुपये की ठगी कर ली गई थी। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने थाना कैराना में शिकायत दर्ज कराई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर हेल्पडेस्क टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने संबंधित बैंकों से पत्राचार कर तकनीकी माध्यमों से लेन-देन को ट्रेस किया और धनराशि को फीज कराने की कार्रवाई की। लगातार प्रयासों के बाद शुक्रवार को 2,08,800 रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। पुलिस का कहना है कि शेष रकम की बरामदगी के लिए प्रयास जारी हैं। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित मौ. नवाजिश व उनके परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक समय पाल सिंह, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार व कांस्टेबल मानवेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा न करें और साइबर ठगी से बचाव के लिए सतर्क रहें।

# भगवान महावीर के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांबोज कॉलोनी स्थित सुनीता जैन के निवास स्थान पर जैन महिला महासमिति की मासिक सभा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की गई। इस सभा का आयोजन विशेष रूप से भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जैन धर्म के सिद्धांतों और भगवान महावीर के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था।

सभा का प्रारंभ भव्य दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद भगवान महावीर के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित भजन, वाद्य एवं भक्ति प्रस्तुतियों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को अत्यंत आध्यात्मिक और मनोहारी बना दिया। महिलाओं ने भावपूर्ण ढंग से इन गीतों और वाद्य प्रस्तुतियों में भाग लेकर भक्तिभाव का अनुभव साझा किया। कार्यक्रम के दौरान एक रोचक प्रश्नमंच का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस पहल से महिलाओं में शिक्षा और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी और उनमें प्रतियोगिता की भावना को प्रोत्साहन मिला। सभा में वक्ताओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के सिद्धांतों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में इन आदर्शों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है।



वक्ताओं ने बताया कि हम भगवान महावीर को तो मानते हैं, लेकिन उनके उपदेशों को अपने दैनिक जीवन में उतारने में हम अक्सर पीछे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन सिद्धांतों को व्यवहार में अपनाया जाए तो व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और सफलता सुनिश्चित हो सकती है। सभा में डॉ. अनिता जैन, सुशीला जैन, मंजू जैन, गुणमाला जैन, सुनीता जैन, संध्या जैन, पारुल जैन, मनीषा जैन, प्रीति जैन, रेखा जैन, ममता जैन, नीना जैन, नीरू जैन और गीता जैन सहित कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। इस सभा ने महिलाओं को भगवान महावीर के आदर्शों के साथ अपने जीवन को समृद्ध बनाने की प्रेरणा दी और धर्म के प्रति उनकी आस्था को और अधिक मजबूत किया।

## सिम बेचने को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के निकट सिम बेचने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। घायल ने उपचार के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कैराना क्षेत्र के मोहल्ला अल खुर्द निवासी एहसान नगर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास छतरी लगाकर वी आई कंपनी के सिम बेचने का कार्य करता है। उसके पास ही कस्बा निवासी दानिश जिओ कंपनी के सिम बेचता है।शुक्रवार को ग्राहक बुलाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों में मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान दानिश ने डंडे से हमला कर एहसान के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।आसपास मौजूद लोगों ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपी की तलाश कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गोवंश के अवशेष मिलने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** गांव कैलाशपुर में गाय का कटा सिर व अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। गोवंश के अवशेष मिलने के बाद विश्व हिंदू संघ के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सामने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने दावा किया है कि अवशेष पुराने हैं।वही आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे।कड़ी मशक्त से मामला शांत कराया।



शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव कैलाशपुर में गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया और हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्त्ताओ ने हंगामा शुरू कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

वही गांव के लोग भी मौके पर जमा हो गए। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में हंगामा शुरू कर दिया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार गोकशी की घटनाएं हो रही हैं। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।

वही सीओ सदर मुनीश चंद ने बताया कि बराबर में मृतक पशु निष्पादन बूचड़ खाना है।यही पर अवशेष मिले हैं बरामद अवशेष लगभग तीन से चार दिन पुराने हो सकते हैं,डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया गया है।खाल व मांस के सेंपल लिए गए है जिसकी लेब में जांच की जाएगी ,जांच के बाद जो तथ्य सामने आयेंगे उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।दोषियों किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।और वही एस डी एम सदर ने भी जानकारी देते बताया कि गाय का कटा हुआ सिर और गोवंश के अवशेष मिले है जो सूखा मांस दिख रहा है। बारीकी से जांच की रही है।अवशेषों को गड्ढा खुदवा कर पुलिस की उपस्थिति में नियमानुसार दबाया गया है। हा मामले को पुलिस ने बड़ी सूझ बूझ से शांत कर लिया है।

## आठ घण्टे रहने वाली है विद्युत आपूर्ति ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** विद्युत उपखंड से जुड़े सभी विद्युत उपभोक्ता बिजली से होने वाले अपने जरूरी काम आज सुबह 9:00 से पहले ही निपटा ले क्योंकि आज लगातार 08 घण्टो तक विद्युत आपूर्ती ठप्प रहने वाली है। विद्युत उपखंड अधिकारी पीसी सागर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

विद्युत उपखंड अधिकारी पीसी सागर ने बताया है कि आज शनिवार को उपकेंद्र पठेड़ 33/11 पर निर्गत सभी 11 केवी पोषक को 5 एमवीए पावर परिवर्तक की जगह क्षमता वृद्धि करते हुए 10 एमवीए पावर परिवर्तक स्थापित किये जाने के कारण सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी।उन्होंने कहा है कि विद्युत उपखंड से जुड़े सभी विद्युत उपभोक्ता असुविधा से बचने के लिए बिजली से होने वाले अपने घरेलू व कमर्शियल जरूरी काम शनिवार को सुबह 9:00 बजे से पहले निपटा ले।

# एसएसपी के कर कमलों से मंदिर शिखर पर कलश स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** थाना परिसर स्थित भगवान शिव मन्दिर में एस एसपी अभिनंदन सिंह द्वारा विधिवत हवन यज्ञ पूजन एव हर्ष ध्वनि व जयकारों बाद मंदिर शिखर पर कलश स्थापित किया गया।

एस एस पी अभिनन्दन सिंह थाना पहुचे यहां पर भव्य रूप से सजाए गए थाना परिसर मे स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्वार किया गया था जिसके बाद एस एस पी द्वारा विधि विधान के साथ प दीना नाथ व आचार्य नितीश चंद्र द्वारा पूजा अर्चना कराने के उपरांत जयकारो के बीच कलश की स्थापना की गई। इस मौके पर एस पी देहात सागर जैन, चिलकाना थाना मे ट्रेनी अधिकारी आईपीएस सिमरन सिंह, थानाध्यक्ष परवेश शर्मा, चिलकाना थानाध्यक्ष विनोद कुमार, सुबोध कुमार, शाहजहांपुर चौकु प्रभारी सौरभ यादव, एस आई अनु परिहार, नेहा उपाध्यक्ष व पुलिस कुर्मी मौजूद रहे।

## ग्रेजुएशन डे मनाकर बच्चे किए गए पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लंदन किड्स प्रीस्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्ले ग्रुप, नर्सरी, जूनियर केजी एवं सीनियर केजी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन डे समारोह में शानदार प्रस्तुतियां दी। एकेडमिक डायरेक्टर विभा सैनी ने कहा कि यह अवसर बच्चों की सीखने की यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव का उत्सव था। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है। डायरेक्टर अरुण राज द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ग्रोथ रिपोर्ट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अंजली, लविशा, शैली , श्रुति, जोया, आशु एवं गरिमा का सहयोग रहा।

# आध्यात्मिक वातावरण में मनाई पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका एवं विश्व विख्यात राजयोगिनी दादी जानकी की 6 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच मनाई गई।



संबोधित करते हुए बीके कविता दीदी एवं अन्य वक्ताओं ने दादी जानकी के प्रेरणादायक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि दादी जानकी जी न केवल एक महान राजयोगिनी थीं, बल्कि ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका के रूप में उन्होंने संगठन को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।उनके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और आध्यात्मिक शक्ति के कारण संस्था का विस्तार देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी तेजी से हुआ।बहुत कम आयु में ही उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़कर अपना संपूर्ण जीवन ईश्वर सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

दादी जानकी ने राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति, आत्म-ज्ञान और सकारात्मक जीवन जीने का संदेश लाखों लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण, नैतिक मूल्यों की स्थापना और संस्कारवान समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।उनकी सादगी, अनुशासन, अटूट संकल्प और सेवा भावना अद्वितीय थी।

# पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा घायल हिस्ट्रीशीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** रात के समय थाना सरसावा पुलिस की चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों से मुठभेड़ में चोरी के मुकदमें में 1 वांछित हिस्ट्रशीटर अभियुक्त घायलवस्था में गिरफ्तार किया जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठा मौके से फरार होने में कामयाब रहा।



संदिग्ध अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेर्तत्व ने पुलिस टीम द्वारा सरसावा से नकुड़ हाईवे अन्डरपास के पास संदिग्ध व्यक्ति वाहन की चेकिंग कर रहे थे कुछ समय पश्चात ही नकुड की तरफ से एक मोटरसाईकिल पर सवार 2 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा टॉर्च की रोशनी दिखाकर संदिग्धों को रुकने का इशारा किया मगर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुये मोटरसाइकिल मोड़कर वापिस नकुड़ की तरफ जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। तभी पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया, जैसे ही बदमाश ग्राम माजरी की तरफ जाने वाली रोड़ पर बंद पड़े भट्टे के पास पहुँचे तो बदमाशों ने मोटरसाइकिल वहीं गिराकर दिवार की आड़ लेकर पुन: पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में जवाबी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश के बायें पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया। तथा एक अन्य बदमाश जंगल व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार घायल बदमाश की पहचान मुर्सलीन उर्फ गांधी पुत्र युसूफ निवासी ग्राम सेलमपुर थाना सरसावा के रुप में हुई। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की गई। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 29 को खेड़े पर पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पटनी में आगामी 29 मार्च को गाँव के सर्वमान्य खेड़े देवता के उपलक्ष्य में विशाल यज्ञ भव्य भंडारा व परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक उत्सव को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और इसकी तैयारियाँ जोरों पर चल रही हैं।



ग्राम पटनी निवासी राकेश कुमार शर्मा ने बताया है कि यह आयोजन पूरे गाँव देहात और देश दुनिया में शांति व प्रगति की कामना के लिए किया जा रहा है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार खेड़े देवता गाँव के परम रक्षक माने जाते हैं जिनकी कृपा से क्षेत्र भयानक बीमारियों और विपदाओं से सुरक्षित रहता है। प्रात: काल: विधि-विधान से हवन और पूजन का कार्यक्रम होगा तथा गाँव की खुशहाली के लिए सामूहिक परिक्रमा होगी।

पूजा के पश्चात विशाल प्रसाद वितरण (भंडारा) शुरू होगा।आयोजन के दौरान पूरे गाँव में त्रिकोणीय धर्म ध्वजाएँ और पताकाएँ लगाई जाएँगी जो भक्ति और विजय का प्रतीक हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि इस भंडारे में प्रसाद ग्रहण करना बड़े पुण्य का कार्य है। गाँव का हर परिवार पूरी श्रद्धा और मनोयोग के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में जुटा है। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि 29 मार्च को ग्राम पटनी पहुँचकर खेड़े देवता का आशीर्वाद प्राप्त करें और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें।

# नहीं मिल रहा महिला जननी सुरक्षा योजना का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना के तहत डिलीवरी के बाद महिला मरीजों को ঘ1400 सरकार की ओर से प्रदान किए जाते हैं। लेकिन केंद्र में मरीजों को यह ঘ1400 नहीं मिल रहे हैं। यहां मरीज प्रतिदिन शिकायत लेकर आते हैं मगर निराश होकर चले जाते हैं। वहीं कुछ मरीजों को रात्रि में बिजली न होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र में जनरेटर तो है लेकिन उसमें तेल डालने के लिए फंड का इंतजार करना पड़ रहा है जिस कारण वह शो पीस बना हुआ है। गुलशमा पत्नी रिहान गांव सलीरी, सबिया पत्नी जाबिर आदि मरीजों ने बताया कि उन्हें पता चला था कि प्रसव के बाद 1400 रूपये मिलेंगे जो कि बैंक खाता मे आएंगे लेकिन आज तक उन्हें सरकार द्वारा चलाई गई इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।

सीएचसी अधीक्षक मीनू गोयल ने बताया कि जब से मेरी नियुक्ति हुई है तब उसे जननी सुरक्षा योजना का कोई पैसा लाभार्थियों को नहीं मिल पाया है। ब्लॉक अकाउंट मैनेजर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अकाउंट संबंधी सभी कार्य रोक रखे हैं। अधीक्षक का कहना है कि लाभ न मिलने पर मरीज उनसे आकर झगड़ते हैं लेकिन वह उनकी कोई भी मदद नहीं कर पा रहे हैं।

# युवती से दुष्कर्म के दो आरोपी हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने बिहारीगढ़ स्थित एक जिम सेंटर में युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने के आरोप में दो लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार इटावा निवासी युवती जो सुंदरपुर के एक शिक्षण स्थान में पढ़ती है और कस्बे के पीजी में रहती है पीड़ित युवती ने लिखित तहरीर देकर बताया कि वह जिम सेंटर में वर्कआउट के लिए जाती थी जहां जिम संचालक और एक अन्य युवक ने उसे प्रोटीन शेक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शहजाद पुत्र इमरान बड़ी मस्जिद देहरादून रोड और मुकर्रम पुत्र असलम ग्राम थापुल रोड से गिरफ्तार किया उत्तराखंड के हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने इस घटना को जिम जेहाद की आड़ में युवतियों के शोषण का मामला बताया और चेतावनी दी कि इस तरह की घटनाओं पर निगरानी जरूर है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है ।

# रामपुर मनिहारान व अंबेहटा में निकाली गई शोभायात्रा, चिलकाना में हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मंदिर श्री ठाकुर द्वारा में सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में रामनवमी का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बैंड-बाजों और धार्मिक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें नगर व आसपास क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।







मौहल्ला कायस्थान स्थित मंदिर श्री ठाकुरद्वारा में शोभायात्रा के शुभारंभ पर सुसज्जित मुख्य पालकी का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में भाजपा विधायक देवेंद्र निम, चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान,डॉ किरनपाल, रविंद्र चौधरी, हर्षित रोहिला एवं बाबू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर यात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में "जय श्रीराम" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। धार्मिक झांकियां और भक्ति गीत आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर पंडित दिग्विजय शर्मा, प्रधान जयराज पँवार, कुलबीर सैनी, काशीराम सैनी, राजू पंचाल, शेखर पँवार, चंद्रवीर पप्पू, राकेश सैनी, नरेंद्र पंचाल एवं संजय पँवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**अंबेहटा।** नगर में शुक्रवार को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर भक्तों ने भक्ति और आस्था की ज्वाला जलाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीराम चंद जी महाराज मंदिर से हुआ,जहां भक्तों ने भगवान श्रीराम की पालकी को विशेष श्रद्धा के साथ सजाया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और भगवान हनुमानजी की जीवंत एवं भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। ढोल-नगाड़ों, तासों, बैंड-बाजों की धुनों के साथ डीजे की भक्तिमय धुनें पूरे मार्ग पर गूंजती रहीं। सुंदर-सुंदर झांकियों ने पूरे नगर को राममय बना दिया।शोभायात्रा में पूर्व चेयरमैन राज. कुमार खुराना, प्रधान सन्नी मित्तल, मुकेश कश्यप, राजू चौधरी, राजू रोहिला, रवि कश्यप, नरेश गोयल,अमन खुराना और कुलदीप मित्तल अरविंद कुमार, सुरेश छलरिया,भरत रोहिला, पंडित अनंती,सहित अनेक सम्मानित नागरिक शोभायात्रा में शामिल हुए और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नकुड थानाध्यक्ष सुरेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ शोभायात्रा में शामिल रहे।

**चिलकाना।** बरथाकायस्थ पठेड़ में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व हवन यज्ञ कर बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

पंचकुआ रोड स्थित श्री श्री 1008 स्वामी विंत्रागानंद जी महाराज की तपोभूमि अजात आश्रम में रामनवमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। आश्रम के संस्थापक व संचालक स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज ने सभी धर्मप्रेमियों व संगत के साथ हवन यज्ञ किया। तत्तपश्चत वेदों का गुणगान किया गया। वहीं रामेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति भूलते जा रहे हैं आधुनिक युग में जीने लगे है। उन्होंने बताया कि पहले ऋषि मुनि विद्वान लोग सुबह को यज्ञ किया करते थे और यज्ञ करने से धन, बल, आयु, विद्या व तेज बढ़ता है।

कार्यक्रम में पहुंचे ऋषिपाल ओलरा ने आर्य समाज के भजन सुनाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राजेश्वर दयाल शर्मा, नाथीराम कांबोज, अंकित चौधरी, डॉ. नरेंद्र सैनी, पूर्व प्रधान बबलू सैनी, डॉ कुलदीप आर्य, ग्राम प्रधान रामकुमार सैनी, नीरज आर्य, डॉ. विमल शर्मा, राजीव राधेय, सतीश शर्मा, डॉ रामकुमार, अंकित सैनी, बिजेंद्र कुमार, विक्रम, आशुतोष शर्मा, सुमित कुमार व जतिन शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दो अरोपी पकड़े

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने नकबजनी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आज वादी राजबीर पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम शीतलाखेड़ा थाना नागल ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी शाहनवाज पुत्र अज्ञात व शमीम पुत्र अज्ञात निवासी मौहल्ला बाजदारान थाना कुतुबशेर ने रात्रि के समय उसके गौदाम में दीवार फांदकर चोरी करने की कोशिश और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक सुभाष चंद के नेतृत्व में दोनों नामजद आरोपियों को पकड लिया गया।

# यज्ञ में मंत्रों से डाली आहुति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** आर्य नेता फूल सिंह नन्दा की पुण्य स्मृति आयोजित त्रिदिवसीय ऋग्वेद आंशिक पारायण यज्ञ का आयोजन ग्राम रंगैल में शुरु हुआ।

ब्रह्म सिंह एडवोकेट के संयोजन में यज्ञ में गतवर्ष से आगे के मन्त्रों से आहुतियां प्रदान की गई। यज्ञ के ब्रह्मा गुरुकुल दल्हेड़ी के आचार्य रणवीर तथा यजमान ब्रह्मसिंह एडवोकेट सपत्नीक नीलम रहे। वेदपाठ ब्रहमचारी युवराज आर्य एवं सत्यम आर्य कर रहे है। प्रसन्न मुनि महाराज व डा. जनेश्वर आर्य ने यज्ञ के विषय में विचार व्यक्त किए। सुरेन्द्र आर्य, प्रशांत आर्य, प्रेमचंद आर्य, श्ब्रिजेश, पूजा आर्या, बाबूराम, जनेश्वर, सतनाम, राजकुमार, पवन सैनी, देवराज, विनोद, अर्पित मौजूद रहे।

# माता के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र में दुर्गा नवमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। माता के नौ स्वरूपों की पूजा के साथ ही नवरात्र का समापन हो गया। राम बाग स्थित नव दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस भी मनाया गया।



चैत्र मास के नवरात्रों का शुक्रवार को परायण हो गया। दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की शुक्रवार को सुबह से ही भीड़ रही, दुर्गा नवमी पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की गई। राम बाग, महादेव कुटी, शिव चौक, काली मंदिर पीठ बाजार, भुवनेश्वरी पंचायती मंदिर, माता वैष्णों देवी धाम, ककराली स्थित देवी मंदिर, गणेश चौंक सहित अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन करा व्रतों का परायण कर दिया। माता वैष्णो देवी मंदिर में जन कल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद कन्या पूजन भी किया गया। गुरुवार की रात माता की पूजा की गई इसके बाद उनकी आरती उतारी गई। क्षेत्र के सभी मंदिरों ने शुक्रवार को नवरात्र कार्यक्रम समाप्त हो गए। राम तीर्थ नगर कालोनी स्थित नौ दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस शुक्रवार को श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गया।

# गरीब कन्या का विवाह कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में सतगुरु स्वामी समनदास महाराज की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान एक कन्या का विवाह भी संपन्न कराया गया।

सतगुरु रविदास आश्रम, भूलनी में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन शालू ने कहा कि इस प्रकार के जनहितकारी कार्य समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी जयराम गौतम ने लोगों से सामाजिक कुरीतियों को त्यागने की अपील की। वहीं रोहित सिंह राणा ने आश्रम कमेटी के प्रयासों की सराहना की। आश्रम सचिव सुभाष चन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु समनदास महाराज के आशीर्वाद से आश्रम कमेटी द्वारा प्राची पुत्री बालेश्वर निवासी आलमपुर कलां और शेखर पुत्र पप्पन निवासी हुलासगढ़ का विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि आश्रम द्वारा अब तक पांच कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है। कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकार एसडी गौतम ने नवविवाहित जोड़े के सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। आध्यक्षता महात्मा तेल्लूदास ने की। इस अवसर पर महात्मा सतीश दास, अनिल कल्याण, विनोद कटारिया, मूलचंद चौहान, अजीत दिनकर सहारनपुरिया, डॉ. संजय कुमार, भीम सिंह, कीरतपाल, भगवत, अमरीश, बिट्टू चुड़ियाला, आरती धूलियान मौजूद रहे।

# गैस की कालाबाजारी पर अंकुश की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच चल रहे संघर्ष से पैदा हुई गैस की किल्लत से लोग परेशान हैं। लोगों की गैस सिलिंडर लेने के लिए हर दिन जद्दोजहद करनी पड़ रही है। समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है।

संगठन के जिलाध्यक्ष जयेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। इसके प्रति देवबंद गैस एजेंसी के प्रबंधक को भी दी गई है। इसमें पदाधिकारियों ने कहा कि बुकिंग के बाद भी लोगों को गैस सिलिंडर नहीं मिल रहा है। उपभोक्ता लगातार एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। गैस पर्ची डिलीवरी चार्ज के साथ जारी होती है, लेकिन उसके बावजूद उपभोक्ताओं से 30 रुपये की अतिरिक्त वसूली की जा रही है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि एजेंसी कर्मचारी उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे रहे हैं। जबकि कालाबाजारी के चलते गैस सिलिंडर दो हजार रुपये में बेची जा रही है। नगर में छोटे सिलिंडरों में रिफलिंग का काम भी



धडल्ले से किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने चेतवानी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया जाता और कालाबाजारी बंद नहीं होती तो वह एजेंसी के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदशने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में नगर प्रभारी गुलफाम अंसारी, तहसील अध्यक्ष महताब मुखिया, ब्लाक अध्यक्ष इरशाद और सलमान अंसारी आदि शामिल रहे।

# महिला ने युवक पर दुष्कृम का लगाया आरोप

**देवबन्द।** ससुरालियों से विवाद हुआ तो पडोस का युवक सहारा बनकर खड़ा हुआ। लेकिन उसने भी उसे हवस का शिकार बना लिया। आरोपी अब उसे केस वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

मोहल्ला खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र की एक महिला ने कोतवाली में दी तहरीर दी है। बताया कि तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। लेकिन ससुरालियों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। मद्द के नाम पर दो माह पूर्व पडोसी युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके चलते आरोपी पिछले एक माह से लगातार उसे फोन कर केस वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# श्री रामनवमी उत्सव पर श्रीराम के जन्म की बधाईगान पर श्रद्धालु जमकर झूमे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर मेन बाजार में श्रीराम नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुंदरकांड पाठ हुआ। भगवान श्रीराम के जन्म की बधाईगान पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

शिव मंदिर शिखर पर समाजसे‐वी चौ. सुखपाल सिंह ने और भगवान श्रीकृष्ण मंदिर शिखर पर किराना व्यापारी प्रवीण कुमार गर्ग ने ध्वज स्थापित किए। संदीप कुमार सिंघल सर्राफ ने अपने पिता स्व. स्वामीशरण सिंघल और माता स्व. बिमला देवी की पुण्य स्मृति में मंदिर प्रांगण में विधि विधान से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कराई। महेश गिरधर पार्टी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। मंदिर कमेटी की ओर से अतिथियों का मोतियों की माला व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मंदिर में निर्मित गर्भगृह में ठाकुर जी



का सोने का सिंहासन, शुद्ध चांदी मढे हुए दरवाजे एवं गोल्डन ब्रास मेटल की चौखट आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में विनोद प्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, राकेश अग्रवाल, मुकेश गर्ग, ऋषिपाल कश्यप, रमन हरि गुप्ता, हुलाश राय सिंघल, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, मेला चेयरमैन एडवोकेट विपिन त्यागी, सभासद अजय गांधी, सुशील मंगल, आशुतोष गुप्ता, दीपकराज सिंघल, राजकुमार जाटव आदि शामिल रहे।

# आरोपी को मुखबिर की सूचना पर किया गिरफ्तार

**देवबन्द।** अपराधियों की धरपकड़ को चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने जिला बदर आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। आरोपी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

मोहल्ला अबुलहक निवासी फैजान पर एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमें न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी को बीती 12 जनवरी को जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) द्वारा छह माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। लेकिन आरोपी आदेशो की अवहेलना कर यहीं रह रहा था। जिसके चलते पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 10 यूपी गुंडा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

देवबंद। पुसिल ने देवबंद-मंगलौर मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई दुपहिया और चौपहिया वाहन चालकों के चालान किए गए। मंगलौर रोड चौकी इंचार्ज अजब सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत टीम ने बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट वाले चालकों के साथ ही ओवरलोडिंग व कागजात अधूरे पाए जाने पर कई वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान पुलिस ने चालकों को यातायात नियमों का पाठ भी पढ़ाया।

# शिक्षित एवं संस्कारी बेटियां तैयार करना उद्देश्य: देवबन्दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में समारोह का आयोजन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी कक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। निरंतर 11 वर्षो में एक भी छुट्टी न करने वाली स्कूल की होनहार छात्रा राफिया रहीम को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बाईपास रोड तालिमाबाद स्थित स्कूल परिसर में आयोजित हुए वार्षिक समारोह में अपनी अपनी क्लास विंग में टॉपर पर रही कक्षा 1 व 2 में अस्निया रहमत, कक्षा 3 से 5 में अलीना असद, कक्षा 6 से 8 में उमना खान एवं कक्षा 9 से 11 में जूबिया आबाद को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।




इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या फौजिया खान ने सकूल के शानदार रिजल्ट पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी असफलता से घबराएं नहीं, बल्कि उसे अपनी ताकत बनाकर आगे बढ़ते रहें। स्कूल के संस्थापक डा. नवाज देवबंदी ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ परीक्षा में अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि समाज के लिए शिक्षित, सशक्त और संस्कारी बेटियां तैयार करना है। आप सभी ने आज जो मुकाम हासिल किया है, वह आपके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इस दौरान छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ संयुक्त रूप से शामिल रहा।

# सरकार के फैसले सभी के लिए हों एक समान : महमूद मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के आने के बाद से देश भर में हो रही धर्मवाद की राजनीति और विशेषकर भाजपा शासित प्रदेशों में दोहरे मापदंडों से हो रही कार्यवाही पर जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने सवालियां निशान लगाते हुए सरकार को कटघड़े में खड़ा किया है।

नरम लहजे और बेबाक अंदाज में अपनी बात रखने वाले जमीयत अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने एक मीडिया न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में दोहरे रवैये का आरोप लगाते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। मौलाना मदनी ने पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए दो टूक कहा कि सरकार ने यह फैसला किया है कि सडक चलने के लिए होती है इसलिए इस पर कोई धार्मिक काम नहीं होने देंगे, लेकिन मैं देखता हूं कि सडकों पर सारे काम हो रहे हैं। हमारा यह कहना है कि सरकार ने जो फैसला किया है वह सभी के लिए और एक समान होना चाहिए, तो बहुत अच्छी बात है। सडक पर नमाज न पढने देने के संबंध में पूछे गए सवाल पर मौलाना मदनी ने कहा कि सडक पर नमाज क्यों पढ़ेंगे? सडक पर और दूसरे धार्मिक काम क्यों होंगे? नहीं होने चाहिए। हमारा कहना यह है कि सरकार का फैसला एकतरफा नहीं होना चाहिए। बाकि सब ठीक है।

# गैस सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़

## एजेंसी प्रबंधन को तत्काल होम डिलीवरी व्यवस्था शुरू करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** स्थानीय गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर एआरओ आशाराम सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

एआरओ आशाराम सिंह ने भीड़ को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि एजेंसी के पास वर्तमान में 750 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि किसी भी उपभोक्ता को सिलेंडर की कमी नहीं होने दी जाएगी। श्री सिंह ने कुछ अराजक तत्वों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं और अनावश्यक रूप से भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। भीड़



को कम करने और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एआरओ ने एजेंसी प्रबंधन को तत्काल होम डिलीवरी व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 24 तारीख से पहले की सभी लंबित बुकिंग की होम डिलीवरी प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी। शहर के लिए हॉकर्स और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए डिलीवरी मैन की पूरी टीम को सक्रिय कर दिया गया है ताकि समय पर सिलेंडर पहुंचाए जा सकें। एआरओ ने लोगों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने दोहराया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर घर तक समय पर सिलेंडर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

# सिलेंडर को लेकर गैस एजेंसी के कर्मचारी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** एलपीजी गैस सिलेंडर लेने को लेकर दो युवकों ने एजेंसी के कर्मचारी के साथ मारपीट कर डाली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से युवकों को हिरासत में लिया और थाने लाकर चालान कर दिया।

नांगल थाना क्षेत्र के गांव चंदोक में इंडेन की गैस एजेंसी है। शुक्रवार को एजेंसी से गैस का वितरण किया जा रहा था। तभी दो युवकों ने गैस सिलेंडर लेने को लेकर एजेंसी के कर्मचारियों से साथ मारपीट कर दी। एजेंसी के कर्मचारी ने घटना की सूचना नांगल पुलिस को दी। सूचना

## पुलिस ने दो आरोपियों का किया चालान

पर नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने मारपीट के आरोपी रुकशीद और आबिद निवासी गांव शहजादपुर थाना नांगल को हिरासत में ले लिया। एजेंसी के कर्मचारी भोलू की तहरीर पर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

# कन्याओं को जिमाकर उपहार दिए

**नजीबाबाद।** दुर्गा अष्टमी के मौके पर नगर में कन्या पूजन किया गया। चैत्र नवरात्रों के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी के मौके पर दुर्गा चालीसा का पाठ कर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को आदर सत्कार के साथ अपने घरों पर बुलाकर हलवा, पूरी, नारियल के प्रसाद का भोग लगाकर उनको भोजन कराया।

## एक नजर

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से प्लेज नष्ट



**नांगल सोती।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा खादर क्षेत्र में सब्जी की कई बीघा खेती नष्ट हो गई, जिससे प्लेजिया किसान चिंतित हैं। हाल ही में प्लेज से सब्जी की फसल शुरू हुई थी। गंगा खादर क्षेत्र में नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, गौसपुर, सराय आलम, के किसान प्लेज व सब्जी की खेती करते हैं। हाल ही में प्लेज से लौकी, खीरा, ककड़ी, करेला, टिंडा, की फसल शुरू हुई थी। पिछले कई दिनों से गंगा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। प्लेज में पानी आने से किसानों की कई बीघा सब्जी की फसल नष्ट हो गई। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों शिव कुमार, लाखन, सोनू, नरेश, बाबूराम, मनोज, युसूफ, महबूब, आदि का कहना है कि उन्होंने लागत लगाकर फसल तैयार की थी। अभी फसल की शुरुआत ही हुई थी, लेकिन गंगा का जलस्तर बढ़ने से उनकी फसल नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल के प्रांगण में बनाए गए नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के विद्वान पंडितों द्वारा हवन यज्ञ कर, मंदिर में कई प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान मिल के प्रबंध निदेशक सहित पूरा मिल परिवार मौजूद रहा। मिल प्रांगण में उत्कृष्ट कलाकृति से भव्य मंदिर बनाया गया। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बीते पांच दिनों से विद्वान पंडितों आशीष भारद्वाज, राजीव मिश्रा, हेमेंद्र भारद्वाज आदि द्वारा हवन यज्ञ के साथ सुंदर पाठ और भजन कीर्तन किया जा रहा था। आज विद्वान पंडितों ने मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा, भगवान हनुमान, श्री गणेश और शिव लिंग की विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार से स्थापना कराई, जिसके बाद भगवान के जयकारों के बाद प्रसाद वितरण किया गया। हवन पूजन के मुख्य यजमान गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर सपत्नी नीलम पुंडीर रहे। इस धार्मिक आयोजन में मिल के प्रबंध निदेशक राजकुमार अदलखा उनकी पत्नी नीलम, संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर उनकी पत्नी ज्योत्सना राठौर, नम्रता पांडे, जेपी त्रिपाठी, विकास ठाकुर, एसएल लांबा, सुखविंदर सिंह, अतेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, कुलदीप सिंह, आशीष बंसल, चांदवीर सिंह हरीश ढींगरा आदि मिल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### माता रानी का भजनों से गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चैत्र नवरात्र की दशमी के शुभ अवसर पर अनन्त श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर माता रानी का पूजन कीर्तन भजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान यतेन्द्र चौहान अर्चना सिंह रहे। आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज संस्थापक गौरी गौशाला आश्रम के सान्निध्य में पूरी नवरात्र भर मातारानी के कीर्तन भजन का आयोजन रहा। प्रतिदिन अलग-अगल परिवार ने अपने संकल्प पूजन सम्पन्न कराया। गौ सेवा भण्डारा लगवाया। आचार्य श्री ने माता रानी की महिमा के बारे में बताया कि माता के नौ रूप विशेष कर नवरात्र में पूजे जाते हैं। मां सभी का कल्याण करने वाली है। इस अवसर पर कविता भारद्वाज, बबीता त्यागी, अर्चना रानी, संदीपा चौहान, कविता अग्रवाल, मनु चौहान, अनीता वर्मा, भूमिका भारद्वाज, ललित बाला, पारुल चौहान, सोनम शर्मा, सीमा चौहान, निशि रस्तोगी, नीतू चौहान, प्रीति शर्मा, निर्मल चौहान, तुलसी जोशी, उर्मिला भारद्वाज, प्रियंका, संगीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने पकड़ी कीमती खैर की लकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साहूवाला वन क्षेत्र से लाखों रुपए कीमत की खैर की लकड़ी महिंद्रा गाड़ी में ले जा रहा माफिया वन कर्मियों के पीछा करने पर अफजलगढ़ में गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। वन विभाग ने गाड़ी सीज कर लकड़ी माफिया की तलाश शुरू कर दी है।

साहूवाला वन रेंज की इनायतपुर वन चौकी पर तैनात वन दरोगा साजिद अंसारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन दरोगा अभिषेक यादव, शुभम कुमार व वन रक्षक नितिन कुमार बीती देर रात ग्राम मदपुरी के जंगल में पहुंचे, तो वहां पर लकड़ियों से लदी एक महिंद्रा गाड़ी जाती हुई दिखाई दी। रोकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी तेजी से

## कीमती लकड़ी से भरा वाहन छोड़ माफिया फरार

दौड़ा दी। वन विभाग की टीम द्वारा गाड़ी का पीछा करने पर चालक अफजलगढ़ में पेट्रोल पंप के पास गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। टीम लकड़ियों से लदी गाड़ी को रेंज कार्यालय ले आई।

वन दरोगा ने बताया कि गाड़ी में लाखों रुपए की खैर की लकड़ी है। गाड़ी को सीज कर दिया गया है। लकड़ी माफिया की तलाश की जा रही है। लकड़ी कहां से काटकर लाई गई है, इसकी भी जांच की जा रही है।

# गायत्री शक्तिपीठ में राम नवमी मनाई

## भगवान राम के आदर्शों पर प्रकाश डाला, श्रद्धालु रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ में श्री राम नवमी का पर्व उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने भगवान राम के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

डा. दीपक कुमार ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भारत के प्राण, सनातन जगत की आस्था के केंद्र और आराध्य हैं। उनका चरित्र मर्यादा की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि मर्यादाओं का पालन, कर्त्तव्य पर निष्ठा, व्यवहार में सौजन्य और अनीति के विरुद्ध प्रबल संघर्ष जैसे आदर्श रामचरित्र के हर प्रसंग में पाए जाते हैं। उन्होंने भगवान राम के जीवन




से जुड़े कई उदाहरण दिए। बचपन में गेंद खेलते समय राम ने छोटे भाई भरत को प्रसन्न करने के लिए हारने का अभिनय किया। महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए असुरों से संघर्ष किया। डा. कुमार ने भगवान राम के साथियों और सहयोगियों के आदर्श चरित्र का भी उल्लेख किया। लक्ष्मण ने एक सेवक की तरह भाई का साथ दिया, जबकि भरत ने राजगद्दी न लेकर राम की पादुका को सिंहासन पर रखा। केवट ने उन्हें गंगा पार उतारा और निषाद राज ने उनसे मित्रता की।

उन्होंने जटायु के बलिदान का भी जिक्र किया, जिसने रावण से जूझते हुए अपने प्राण गंवा दिए। रीछ और वानर सेना का त्याग और बलिदान भी अद्वितीय रहा। भक्तराज हनुमान ने प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ श्री राम के कार्यों को पूरा किया।

कार्यक्रम के दौरान गायत्री शक्तिपीठ में श्री राम दरबार का चित्र स्थापित किया गया और राम आरती उतारी गई।

इस मौके पर एचपी गुप्ता, राज भटनागर, पुष्पा शर्मा, कामेश शर्मा, रेखा चौहान, महिपाल सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दिशा के विद्यार्थियों की इंडस्ट्रियल विजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा छात्रों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने पंतजलि इंडस्ट्री, हरिद्वार का दौरा किया। इस इंडस्ट्रियल विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योगों में होने वाली उत्पादन प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान छात्रों को इंडस्ट्री की यूनिट्स का भ्रमण कराया गया, जिनमें सेंट्रल लैब, पैकेजिंग यूनिट, प्रिंटिंग यूनिट, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, वेयरहाउस



तथा दंतकांति यूनिट शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने इन सभी यूनिट्स में कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा। छात्रों ने विभिन्न उत्पादों के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा भंडारण की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने भी छात्रों को उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं, जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ। संस्थान के अध्यापक डॉ. समीर अहमद, नाजिश, प्रभात कुमार एवं रश्मि शर्मा आदि इस भ्रमण में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# महिला को जिंदा जलाने की साजिश

**नहटौर।** दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। विवाहिता ने ससुराल वालों पर उसे ज़िंदा जलाने की साजिश रचने और पति द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्राप्त समाचार के अनुसार सुनीता कुमारी की शादी 21 फरवरी, 2025 को ग्राम सदुल्लाखानपुर निवासी जोगेंद्र सिंह से हुई थी। सुनीता के अनुसार उसके भाई ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया था, जिसके लिए उसने बैंक और सोसाइटी से लोन भी लिया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने दो लाख रुपए नकद की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी और उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। सुनीता ने बताया कि उसके पति जोगेंद्र सिंह, ससुर अमर सिंह, सास उर्मिला और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसे ज़िंदा जलाकर मारने की योजना बनाई थी। इसकी भनक लगने पर सुनीता ने पूरी रात घर के बाहर बैठकर जान बचाई। आरोप है कि पति जोगेंद्र सिंह ने सुनीता को धमकी दी है कि उसने उनके निजी पलों का अश्लील वीडियो बना लिया है और यदि मांग पूरी नहीं हुई, तो वह वीडियो वायरल कर देगा। पीड़िता का आरोप है कि दबंग ससुराल पक्ष पुलिस प्रशासन को अपनी कठपुतली समझता है।

# आईपीएल की पहली भिड़ंत RBC VS SRH

## ● आरसीबी और एसआरएच के मुकाबले के लिए बेंगलुरु में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई 2 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती



**बेंगलुरु, वार्ता।** एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 के उद्घाटन मैच के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रशंसकों, खिलाड़ियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेडियम और आसपास के इलाकों में लगभग 2,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भीड़भाड़ को रोकने के लिए, विशेष रूप से स्टेडियम के बाहर, सात विशेष दस्ते बनाए गए हैं। ए कड़े सुरक्षा उपाय पिछले साल शहर में हुई भगदड़ की घटना के मद्देनजर अपनाए गए हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए और भी सख्त तरीके अपनाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि दर्शकों की आवाजाही को आसान बनाने और भीड़ के जमावड़े से बचने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों की संख्या लगभग दोगुनी करके 45 कर दी गई है। इसके अलावा, स्टेडियम में अतिरिक्त एम्बुलेंस, दमकल गाड़ियां और मेडिकल सहायता केंद्र भी तैनात किए गए हैं। निगरानी को और मजबूत करने के लिए, स्टेडियम के अंदर और आसपास लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पुलिस की टीमें भीड़ की आवाजाही पर रियल-टाइम (सीधे) निगरानी रखेंगी। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि केवल वैध टिकट धारकों को ही प्रवेश की अनुमति मिले, इसके लिए स्टेडियम के बाहर बिना टिकट वाले प्रशंसकों के जमावड़े को रोकने के लिए विशेष दस्ते तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली और कई स्तरों वाली सुरक्षा जांच सहित कई उन्नत प्रोटोकॉल लागू किए हैं। इसके साथ ही, यातायात प्रतिबंध और यात्रियों को उतारने-चढ़ाने के लिए विशेष क्षेत्र भी निर्धारित किए गए हैं। आईपीएल 2026 का सीजन शनिवार को बेंगलुरु में शुरू होने वाला है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसके चलते शहर की पुलिस और नागरिक एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। कहते हैं कि क्रिकेट एक 'जेंटलमैन' (भले लोगों) का खेल है। दूसरी ओर, आईपीएल एक ऐसा उत्सव है जहां ए 'जेंटलमैन' कभी-कभी बच्चों जैसा बर्ताव करने लगते हैं, और शनिवार की रात, चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह तमाशा फिर से शुरू होने जा रहा है। मौजूदा चैंपियन, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी ने नई मालिकी के तहत एक नए अध्याय की शुरुआत की है। यह फेंचाइजी, जिसे विजय माल्या ने 2008 में 450 करोड़ रुपये में खरीदा था, पिछले कुछ सालों में जबरदस्त तरीके से आगे बढ़ी है और अब इसकी कीमत 16,500 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गई है। अभी इसकी मालिकी आदित्य बिड़ला ग्रुप के पास है, जिसमें द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन भी पार्टनर हैं। यह अधिग्रहण आईपीएल के बढ़ते कमर्शियल महत्व को दिखाता है और टीम से मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह बहुत ज्यादा उम्मीदें जगाता है। फिर भी, पैसा और खिताब पुरानी यादों को मिटा नहीं सकते।

पिछले साल, जब आरसीबी ने आखिरकार अपना पुराना 'मनहूस सिलसिला' तोड़ा और आईपीएल की ट्रॉफी जीती, तो जीत का जश्न एक दुखद घटना में बदल गया। स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ ने जीत की खुशी को फीका कर दिया, इस घटना में ग्यारह फैंस की जान चली गई और अधिकारियों को सवालों के जवाब ढूंढने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। तब से लेकर अब तक, स्टेडियम के दरवाजों को नए सिरे से बनाया गया है, भीड़ को काबू करने के इंतजाम और भी ज्यादा सख्त कर दिए गए हैं, और इमरजेंसी के लिए बनाए गए नियमों में भी सुधार किया गया है।

# परमेश्वर ने विधायकों की आईपीएल टिकटों की मांग का बचाव किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने शुक्रवार को विधायकों द्वारा मुफ्त इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टिकटों की मांग का बचाव किया। उन्होंने खेलों के प्रति उनके उत्साह को विवाद का कारण मानने के बजाय एक सकारात्मक संकेत बताया।

परमेश्वर ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि मुझे यह अच्छा लगा क्योंकि वे खेलों में इतनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यह एक अच्छा बदलाव है। उन्होंने इस मांग को जनप्रतिनिधियों के बीच खेलों से बढ़ते जुड़ाव का संकेत बताया। खास बात यह है कि मंत्री ने इस मुद्दे को 'हक' के बजाय 'संस्थागत प्रक्रिया' से जोड़कर देखा। उन्होंने कहा कि टिकटों के बंटवारे पर कोई भी फैसला स्पीकर के दफ्तर और आयोजकों-जैसे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और फेंचाइजी अधिकारियों-द्वारा ही लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीकर इस मामले में क्या कदम उठाएंगे, यह पूरी तरह उन पर निर्भर करता है, क्योंकि सभी विधायक स्पीकर के ही अधीन आते हैं। इस बयान से संकेत मिलता है कि इस मामले को प्रशासनिक स्तर पर ही सुलझाया जाएगा। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब टिकटों की इस मांग ने 'वीआईपी संस्कृति' को लेकर एक सार्वजनिक बहस छेड़ दी है। इस बहस की शुरुआत तब हुई, जब कांग्रेस विधायक विजयानंद काशप्पनवर ने सुझाव दिया कि विधायकों को एक से ज्यादा टिकट दिए जाने चाहिए, और तर्क दिया कि चुने हुए प्रतिनिधियों को टिकट के लिए आम लोगों की तरह कतार में खड़ा नहीं होना चाहिए।

### खेल विशेष


## तुषारा फिटनेस टेस्ट में विफल, नहीं खेल पाएंगे शुरुआती मैच

**बेंगलुरु।** फिटनेस टेस्ट में विफल रहने पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाज नुवान तुषारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआत दो मैच नहीं खेल पायेंगे। आरसीबी और श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा फिटनेस टेस्ट में फेल होने होने के कारण उन्हें अभी आईपीएल 2026 में खेलने के लिए एनओसी नहीं मिला है। जिससे वह कम से कम शुरुआती दो मैचों के लिए बाहर हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि श्रीलंका बोर्ड के अनिवार्य फिटनेस टेस्ट में तुषारा पास नहीं हो पाए हैं। श्रीलंका क्रिकेट के चीफ एग्जीक्यूटिव एश्ले डी सिल्वा ने बताया कि तुषारा फिटनेस टेस्ट के दौरान 29 में से 17 पास स्कोर हासिल नहीं कर पाए।

## नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को 'प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया के 8वें वार्षिक पुरस्कार समारोह में पिछले एक साल में भारतीय हॉकी में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और योगदान देने वालों को सम्मानित किया। इसी क्रम में नवनीत कौर और हार्दिक सिंह 'प्लेयर ऑफ द ईयर' तथा जफर इकबाल को 'मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से नवाजा गया। आज यहां आयोजित समारोह में डॉ- मांडविया ने नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2025' (प्रत्येक को 20 लाख रुपये) तथा जफर इकबाल को 'मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' (25 लाख रुपये) से सम्मानित किया। इससे पहले दिन में, रघु प्रसाद आर-वी- को 2025 के लिए 'एफआईएच अंपायर ऑफ़ द ईयर' चुने जाने पर सम्मानित किया गया।

# जवेरेव सेमीफाइनल में सिनर का सामना करेंगे



**मियामी, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को मियामी ओपन में जानिक सिनर के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली, जब उन्होंने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ 6-1, 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। यह जीत पहली बार है जब 27 वर्षीय खिलाड़ी एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी दोनों में अंतिम चार में पहुंचे हैं। अपने 25वें एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद ज्वेरेव ने कहा, ष्कल सबसे कठिन परीक्षा होगी। मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, और उम्मीद है कि यह सिलसिला जारी रहेगा। ज्वेरेव ने एक घंटे, पांच मिनट तक चले इस मैच के दौरान कभी भी अपना नियंत्रण नहीं खोया। दो बार के एटीपी फाइनल्स चैंपियन ने अपनी पहली सर्विस में से 76 प्रतिशत (32/46) सही जगह पर डालीं और उन पॉइंट्स में से 84 प्रतिशत (27/32) जीते। उन्होंने अपने द्वारा अर्जित सात ब्रेक पॉइंट्स में से चार भी जीते। क्वार्टर-फाइनल की इस जीत के साथ, जर्मन खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की, जिससे उनकी हेड 2 हेड सीरीज में 4-3 की बढ़त हो गई। ज्वेरेव को इस सीजन में सेरुंडोलो के खिलाफ बढ़त मिली है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में और फिर मियामी में उन्हें सीधे सेटों में हराया है। अर्जेंटीना का यह खिलाड़ी इन सेटों में से किसी में भी चार से ज्यादा गेम नहीं जीत पाया है। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब अपना ध्यान सिनर के साथ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर केंद्रित करेंगे। वे इस महीने की शुरुआत में इंडियन वेल्स में इस इतालवी खिलाड़ी के हाथों सीधे सेटों में मिली हार का जवाब देने की कोशिश करेंगे। इन दोनों के बीच हुई प्रतिद्वंद्विता में सिनर 7-4 से आगे हैं( उन्होंने इन दोनों के बीच हुए पिछले छह मुकाबलों में से हर एक में जीत हासिल की है। हालांकि, ज्वेरेव दक्षिण फ्लोरिडा में काफी मजबूत और लगातार अच्छी फॉर्म में रहे हैं।

इस टूर्नामेंट के चार में से तीन मैचों में उन्हें एक भी 'ब्रेक पॉइंट' का सामना नहीं करना पड़ा है। वे सिनर के खिलाफ भी इसी स्तर को बनाए रखने की कोशिश करेंगे, सिनर ने अब एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 30 सेट जीते हैं। ज्वेरेव ने अपनी नई और ज्यादा आक्रामक खेल शैली के बारे में कहा, ष्अगर इसका फायदा जल्दी मिल जाता है, तो यह और भी बेहतर है।मैं थोड़ी मुश्किलों का सामना करने के लिए तैयार था, लेकिन कोर्ट पर मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। सेरुंडोलो-जो 2022 में अपने पहले ही प्रयास में मियामी के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

# लवलीना और निखत करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**उलानबटोर (मलेशिया), वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन शनिवार से शुरु होने वाली एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। एएसए एरिना में होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता सहित लगभग 250 मुक्केबाजों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

यह चैंपियनशिप 28 मार्च से 11 अप्रैल तक चलेगी। भारत ने इस चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यों वाली मुक्केबाजी टीम भेजी है।

जो भारतीय मुक्केबाज मंजूर वजन कैटेगरी में फाइनल में पहुंचेंगे, उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिल जाएगा। निखत जरीन 51 भार वर्ग में लड़ेंगी। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया के साथ-साथ ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की महिला टीम का हिस्सा हैं। एशियन बॉक्सिग चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- महिला वर्ग: मीनाक्षी हुड्डा (48किग्रा), निखत जरीन (51किग्रा), प्रीति पंवार (54किग्रा), जैस्मीन लंबोरिया (57किग्रा), प्रिया (60किग्रा), अंकुशिता बोरो (65किग्रा), अरुंधति चौधरी (70किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा), पूजा रानी (80किग्रा), अल्फिया पठान (80 प्लस किग्रा)। भारत की पुरुष टीम की अगुवाई सचिन सिवाच करेंगे। वह 60 किग्रा भार वर्ग में मुकाबला करेंगे। पटियाला में एक महीने तक चले मूल्यांकन के बाद, ओलंपियन अमित पंघाल, दो बार के राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन, मौजूदा सीडब्ल्यूजी चैंपियन नीतू घनघस और पूर्व एशियाई चैंपियन परवीन हुड्डा का चयन नहीं हो पाया। पुरुष वर्ग: विश्वनाथ सुरेश (50किग्रा), जदुमणि सिंह (55किग्रा), सचिन सिवाच (60किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65किग्रा), दीपक (70किग्रा), आकाश (75किग्रा), अंकुश (80किग्रा), लोकेश (85किग्रा), हर्ष चौधरी (90किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 प्लस किग्रा)।

# संजू सैमसन को धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे: इरफान






**नई दिल्ली, वार्ता।** टाटा आईपीएल और भारतीय क्रिकेट के तीन दिग्गज- एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा-कल से शुरू हो रहे 19वें सीजन में एक बार फिर यह दिखाने के लिए बेताब होंगे कि वे क्या कर सकते हैं। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा और इरफान पठान ने एमएस धोनी के बैटिंग पोजशिन और घटते प्रदर्शन, विराट कोहली की फटिनेस, और इन तीनों में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहने की संभावना है, इस पर अपने विचार साझा किए। इरफान पठान ने कहा कि सीएसके टीम में संजू सैमसन का शामिल होना इस बात का संकेत हो सकता है कि टाटा आईपीएल 2026 एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा।

इरघन ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा। इसके संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि अगर आप चेन्नई की टीम को देखें, तो उन्होंने एक ऐसे विकेटकीपर-बल्लेबाज को टीम में शामिल किया है जो अगले कुछ सालों तक खेल सकता है। आप उसके इर्द-गिर्द अपनी टीम बना सकते हैं और वह फेंचाइजी का चेहरा बन सकता है - वह खिलाड़ी है संजू सैमसन। उसने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी फॉर्म को भी बेहतर बनाया है। उसने हाल ही में एक वर्ल्ड कप जीता है और बहुत शानदार बैटिंग कर रहा है। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे एमएस धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे - कोई ऐसा जिसमें यह सब करने की काबिलियत हो और जिससे फैन्स भी जुड़ सकें और अपनापन महसूस कर सकें। संजू के आने से, मुझे लगता है कि धोनी अब यह कह सकते हैं कि शायद अब समय आ गया है कि वह अपनी कमान किसी और को सौंप दें। लेकिन क्या यह पहले हो जाना चाहिए था? क्योंकि मुझे लगता है कि एमएस धोनी जैसा खिलाड़ी सिर्फ दो ओवर खेलने वाला खिलाड़ी बनकर नहीं रह सकता। आप अपनी विरासत ऐसे नहीं बनाते। तो हां, मुझे लगता है कि अब सही समय आ गया है। आईपीएल में एमएस धोनी की मैच खत्म करने की काबिलियत पर उन्होंने कहा, ष्जब सीएसके ने अहमदाबाद में अपनी पिछली ट्रॉफी जीती थी, तो उस समय भी यह चर्चा चल रही थी कि वह बैटिंग ऑर्डर में बहुत नीचे आ रहे हैं-और यह चर्चा तब शुरू हुई थी, जब इन बातों ने जोर भी नहीं पकड़ा था।

लेकिन जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ी, उन्हें घुटने की समस्या भी होने लगी। इसलिए, उनके मन में अपनी भूमिका को लेकर पूरी स्पष्टता थी कि वह आखिरी दो ओवरों में बैटिंग करने आएंगे और मैच को खत्म करेंगे। लेकिन हुआ क्या? वह उन मैचों को खत्म नहीं कर पाए। कुछ साल पहले, जब संदीप शर्मा आखिरी ओवर में उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे, तो एमएस धोनी ने उस मैच को रोमांचक तो बना दिया, लेकिन उसे खत्म नहीं कर पाए। हमने एमएस धोनी से पहले ऐसा कभी नहीं देखा था। अब ऐसा ज्यादा बार हो रहा है। इसलिए, अगर आप खेल रहे हैं, तो आपको अपनी टीम के लिए ज्यादा जम्मिदारी लेनी होगी और कम से कम चार या पांच ओवर तक बैटिंग करनी होगी। यह टीम के लिए फायदेमंद होगा। आकाश चोपड़ा ने इस बारे में बात की कि धोनी, कोहली या रोहित में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा, ष्एक बार फिर सारा ध्यान विराट कोहली पर होगा, क्योंकि वह बहुत ज्यादा फिट हैं। हां, सीरीज के बीच में कुछ गैप होते हैं और ऑस्ट्रेलिया में उन्हें उन गैप्स की वजह से थोड़ी मुश्किल हुई थी, लेकिन एक बार जब उन्होंने रन बनाना शुरू किया, तो उन्हें महीनों तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का तरीका मिल गया।

इसलिए, समय के साथ उन्होंने जिस तरह की फिटनेस हासिल की है, वह उन्हें इस काम के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त बनाती है-खासकर इसलिए भी, क्योंकि वह एक ओपनर हैं। ऐसे में, उन्हें अपनी फॉर्म में वापस आने के लिए ज्यादा समय मिलता है। रोहित शर्मा के साथ भी यही बात लागू होती है, लेकिन इन दोनों में से, मुझे अब भी लगता है कि विराट कोहली के लिए यह थोड़ा ज्यादा आसान है-और इसकी वजह सिर्फ वह खुद हैं। उन्होंने जिस तरह की फिटनेस और विरासत बनाई है, यह उसी की कीमत है जो उन्हें चुकानी पड़ती है। धोनी के लिए भी यह थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि वह 40 साल की उम्र पार कर चुके हैं। उनके लिए, 10 महीने तक कुछ भी न खेलना, फिर आईपीएल के लिए आना, तुरंत लय में आ जाना, और फिर ऐसे नंबर पर बैटिंग करना जहां उन्हें सिर्फ 10-12 गेंदें ही खेलने को मिलती हैं-यह सबसे मुश्किल काम है। इसके अलावा, उन्हें 20 ओवर तक कीपिंग भी करनी होती है, इसलिए शायद उनका काम सबसे ज्यादा मुश्किल है। रोहित शर्मा के अपने आक्रामक अंदाज में खेलते रहने के बारे में आकाश ने कहा कि जब आप मुंबई इंडियंस के बैटिंग ऑर्डर का हिस्सा होते हैं, तो रोहित शर्मा के लिए लय तय करना जरूरी हो जाता है। रोहित एक खास तरीके से बैटिंग करना चाहते हैं।

# महिला क्रिकेटरों का केशव मौर्य ने बढ़ाया हौसला



**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गोमतीनगर स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित स्वर्गीय राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया और महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आज बेटियां खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट के आयोजक हर्ष वर्धन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं और नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बोलीविया वर्ल्ड कप प्लेऑफ फाइनल में पहुंचा

**मेक्सिको सिटी।** मोइसेस पानिगुआ और मिगुएल टेरसेरोस ने मैच के आखिरी मिनटों में गोल किए, जिससे बोलीविया गुरुवार को हुए इंटर-कॉन्फेडरेशन प्लेऑफ सेमीफाइनल में सूरीनाम को 2-1 से हराकर 32 साल बाद अपने पहले वर्ल्ड कप में जगह बनाने के और करीब पहुंच गया। बीबीवीए स्टेडियम में हाफटाइम के ठीक बाद लियाम वैन गेल्डरेन ने सूरीनाम को बढ़त दिलाई थी, उन्होंने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर हुई एक गहमागहमी के बीच गेंद को पैर के अगले हिस्से से मारकर गोल में पहुंचा दिया। बोलीविया ने 72वें मिनट में पानिगुआ के गोल की बदौलत बराबरी की, पानिगुआ ने एक ढीली गेंद पर तेजी से झपट्टा मारा और उसे बड़ी सफाई से गोल के निचले-दाएं कोने में पहुंचा दिया। सात मिनट बाद टेरसेरोस ने पेनल्टी स्पॉट से गोल करके मैच का पासा ही पलट दिया।

# उदय ने प्रथमेश को हराकर पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जीता स्वर्ण पदक

**बैंकॉक (थाईलैंड), वार्ता।** भारत के कंपाउंड तीरंदाजो ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को एशिया कप 2026 तीरंदाजी स्टेज वन टूर्नामेंट के पुरुषों के व्यक्तिगत स्पर्धा में पोडियम पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। उदय कंबोज ने एशियाई खेलों के पदक विजेता प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। दूसरे एंड के बाद प्रथमेश जवकर से 59.57 से पीछे चल रहे उदय कंबोज ने तीसरे एंड में एकदम सही 30 का स्कोर किया और चौथे एंड में बढ़त बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड कांस्य पदक मैच में रजत चौहान ने थाईलैंड के पीरावत रत्नापोंगकियात को 145.144 से हराकर भारत के लिए पोडियम पर पूरी तरह कब्जा सुनिश्चित किया। महिला वर्ग के व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में भारत की तेजल साल्वे ने मारिया डिमिडियुक को 144.135 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने 15 तीरों में केवल छह अंक गंवाए। इस बीच, भारत के कंपाउंड तीरंदाजो ने टीम स्पर्धा में भी अपना दबदबा बनाए रखा और मिश्रित व महिला टीम इवेंट्स में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने एक कड़े स्वर्ण पदक मैच में मलेशिया की फातित नुरफतेहा मत सालेह और मोहम्मद जुवैदी माजुकी को 158.156 से हराया। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने लगातार चार 10 के स्कोर के साथ भारत को एक बेहतरीन शुरुआत दी और बीच के चरण में कुछ छोटी-मोटी चूकों के बावजूद अपनी लय बनाए रखी। तीन एंड के बाद, वे 118-117 की मामूली बढ़त पर थे। मलेशियाई जोड़ी ने तीसरे एंड में कुछ समय के लिए फिर से बढ़त बना ली थी, जब उन्होंने एकदम सही 40 का स्कोर किया, जबकि भारत 39 ही बना पाया। हालांकि, आखिरी एंड में चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने लगातार चार 10 के स्कोर किए, जबकि मलेशिया 39 ही बना पाया, जिससे भारत दो अंकों से जीत गया। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने टूर्नामेंट में पहले क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1409 अंकों के साथ टॉप किया था, फिर एलिमिनेशन राउंड में चीनी ताइपे और कजाकिस्तान को हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। दूसरी ओर, चिकिता तनिपार्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की भारतीय महिला कंपाउंड टीम को फाइनल में कजाकिस्तान की विक्टोरिया ल्यान, डायना यूनुसोवा और रोक्साना यूनुसोवा से 229-227 से हारने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। भारत ने मजबूत शुरुआत की और आधे समय तक 115-113 से बढ़त बनाए रखी। हालांकि, तीसरे एंड में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और उन्होंने 54 अंक बनाए, जबकि कजाकिस्तान ने 58 अंक बनाकर पिछड़ी हुई स्थिति को पलट दिया और 171.169 की बढ़त बना ली। भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने भी इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 2080 अंकों के साथ टॉप किया था, जिसके बाद उन्होंने हांगकांग चीन और मेजबान थाईलैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

# मुजतबा के नेतृत्व में ईरानी दूतावास पहुंचा डेलीगेशन

## पोलिटिकल विशेषज्ञ सरीन शीरवानंद व पब्लिक डिप्लोमेसी विशेषज्ञ मौ.मेहंदी खोरसानी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड सरकार के पूर्व निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण मुजतबा एडवोकेट ने नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में ईरान के पोलिटिकल विशेषज्ञ सरीन शीरवानंद और पब्लिक डिप्लोमैसी विशेषज्ञ मोहम्मद मेहंदी खोरसानी से एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की।

मुजतबा ने वहाँ के सर्वोच नेता अयातुल्ला हुसेनी खामनी के निधन पर अफसोस जाहिर किया और युद्ध में मारे जा रहे लोगो और प्रतिदिन हो रहे नुकसान पर गहरा अफसोस जाहिर किया। मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि युद्ध के नुकसान ही होते है जो बहुत दु:खद विषय है। उन्होंने ईरान में कार्यरत प्रवासी भारतीय को उचित सुरक्षा देने, भारत में सुचारू गैस और तेल की आपूर्ति जारी रखने की अपील की और होमरुज जलडमरूमध्य से भारत को सुचारू व्यवस्था जारी रखने की अपील की। इस पर ईरानी पोलिटिकल विशेषज्ञों ने बताया कि ईरान भारत का अच्छा दोस्त है और ईरान भारत के हित के और हर भारतीय नागरिकों के हर हित का ख्याल रख रहा है और रखेगा। जब से युद्ध चल रहा है तब से आज तक गैस और तेल की लगातार आपूर्ति पूर्व की भाती चल रही है आपूर्ति ना रुकेगी ना रुकी है ।ईरान भारत को अपना नजदीकी करीबी दोस्त मानता है और दोस्तों के लिये हमेशा की तरह पहले जो सहयोग था वो जारी रखेगा ।उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि भारत को गैस तेल हमेशा की तरह आपूर्ति जारी रखेगा किसी भी तरह की कमी ना आने दी है ना आने दी जाएगी ईरान भारत का हमेशा से करीबी दोस्त है और रहेगा ईरान अपने सब दोस्तों के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत भी मुख्य दोस्त है और रहेगा। मुजतबा एडवोकेट और प्रति. निधिमंडल ने उनके सहयोग और भारत के साथ अच्छे व्यवहार और शिष्टाचार के लिये शुक्रिया अदा किया।डेलीगेशन में किसान नेता मनोज चौधरी, एडवोकेट अरशद मलिक, फेसल मिर्जा, सुखदेव चौहान आदि मोजूद रहे ।



**■ दूतावास वशेषज्ञों ने कहा- भारत ईरान का सबसे करीबी मित्र**

# रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री रामनवमी महापर्व के पावन अवसर पर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की शोभायात्रा श्री रामलीला भवन से प्रारंभ होकर बैंड बाजों के साथ मुख्य बाजारों से होती हुई श्री रामलीला भवन में संपन्न हुई।

शोभायात्र में प्रभु श्री रामचंद्र जी के रथ के सारथी अरविंद कुमार गोयल निखिल गोयल को सौभाग्य प्राप्त हुआ। शोभायात्रा का भव्य स्वागत नगर विधायक राजीव गुंबर व महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई गोयल द्वारा बाजार मोरगंज में समिति के पदाधिकारी को पटका पहनकर एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जिसमें जिसमें गोपाल दास, सरदार सुपनीत सिंह, चौधरी भगत सिंह, दिनेश जैन बल्ली, राकेश जैन, विजय गुप्ता, नीरज ठकराल, मानवेंद्र भारद्वाज, निशांत शर्मा, राजकुमार कालरा, प्रवीण छावड़ा, प्रदीप शर्मा, राजेंद्र सिंह कोहली, मानसिंह जैन, मयंक ढींगरा, मनोज ठाकुर, रवि गुप्ता, अजय खटाना, परवीन आहूजा आदि उपस्थिति रहे।

# पश्चिमी यूपी के लोगों को मिले हाईकोर्ट की बेंच: इमरान मसूद



**■ संसद में कहा- पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को सुनिश्चित किया जाये सस्ता व सुलभ न्याय**

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सांसद काजी इमरान मसूद ने आज संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को सस्ता और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की बेंच की मांग की।

सांसद इमरान मसूद ने लोकसभा में आज अपने भाषण में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 28 जनपदों के लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिए हाई कोर्ट बेंच की पश्चिम में मांग लंबे समय से चली आ रही है, जिसके लिए कभी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भी मांग की थी। उन्होंने कहा कि हमारे गरीब लोगों को भी न्याय के लिए 800 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, जिसके एक बार का खर्च लगभग 10000 रूपये आता है। उन्होंने कहा की कुछ प्रदेशों में उच्च न्यायालय की तीन-तीन पीठ है और हमारे उत्तर प्रदेश में भी उच्च न्यायालय की दो बैंच है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े क्षेत्र की इस दीर्घकालीन मांग की तरफ यदि ध्यान ना दिया गया तो अब क्षेत्र की जनता में इस उपेक्षा के प्रति रोष पनपने लगेगा। इसलिए इस मांग की ओर शीघ्र ध्यान देकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की खंड पीठ की शीघ्र ही स्थापना होनी चाहिए।

बताते चले कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पृथम राज्य और हाईकोर्ट बैंच की मांग काफी पुरानी है। जिसके लिये कई आंदोलन हो चुके है।

## हत्या के प्रयास का वांछित पकड़ा

**अंबेहटा।** चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त को दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार थाना नकुड़ में दर्ज मामले में अभियुक्तों ने एक युवक का रास्ता रोका और लाठी-डंडे, चाकू तथा तमंचों से लैस होकर उसकी निर्मम पिटाई की। युवक को गंभीर रूप से घायल करने के साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। अभियुक्तों ने एक राय होकर यह वारदात को अंजाम दिया था। चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त मुबारिक पुत्र सादीन, निवासी ग्राम घाटमपुर को अंबेहटा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मौलाना फरीद ने सम्मानित किए पुलिस अफसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर कोतवाली में जामा मस्जिद के मैनेजर मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने होली, रमजान और ईद के दौरान बेहतर कानून-व्यवस्था व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान अफसरों को शॉल ओढ़ाकर और फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी प्रथम अमित श्रीवास्तव के पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें विशेष रूप से बधाई दी गई। शहर कोतवाल नेमचंद के जनकपुरी थाने का प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें भी सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसके अलावा रोजंत त्यागी को मंडी थाने से देवबंद थाने का प्रभारी बनाए जाने पर भी उनका स्वागत किया गया। और शहर के गणमान्य लोगों मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने कहा कि रमजान, होली और ईद जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान पुलिस प्रशासन ने जिस तरह से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखा, वह सराहनीय है। उन्होंने पदोन्नति प्राप्त और स्थानांतरित अधिकारियों को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सीओ अमित श्रीवास्तव ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और कहा कि जनसहयोग से ही बेहतर कानून-व्यवस्था संभव हो पाती है। उन्होंने आगे भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की।

इस मौके पर हाजी शाहिद जुबेरी, मसूद बदर, डॉ. शहकार खान, हाजी नवाब अंसारी, आलिम बख्शी, मोहम्मद आलम, मास्टर महमूद, रईस अहमद, नौशाद सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक -मेयर ने किया सड़कों का उद्घाटन व शिलांयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधायक निधि से बनने वाली सड़को का शिलान्यास व उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने किया।

वार्ड नंबर 28 मोहल्ला जनक नगर में रामकृष्ण के मकान से जोसफ के मकान तक व महावीर के मकान से आन सिंह के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य, जनक नगर में सोम टेलर से संतोष कुमार के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य, डॉ नागपाल के बराबर वाली गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि आमजनमानस को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो यही उनका व प्रदेश सरकार का उद्देश्य है और इसी की पूर्ति के लिए विधायक निधि के साथ साथ अन्य माध्यमो से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चहुँमुखी विकास हो रहा है जबकि पूर्व की सरकारों में प्रदेश की सड़कें चलने लायक नही थी।



महापौर डॉ अजय कुमार सिंह व महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास और कानून व्यवस्था के मामले में प्रदेश में एक नया बदलाव देखने को मिल रहा है और आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से बाहर निकल कर विकास की नई गाथा लिख रहा है।

इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, महानगर महामंत्री सरदार सुपनीत सिंह, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा,जितेंद्र नगर, पार्षद प्रवीण रोहिल्ला, पूर्व पार्षद रेखा रोहिल्ला, संतोष, करणवीर, शिवकुमार, सुरेंद्र धवन, राजकुमार कालड़ा, राजेंद्र धीमान, बीनू पाल, नंद किशोर रोहिल्ला उपस्थित रहे।

# पुलिस को मिली 11 नई पीवीआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सहारनपुर पुलिस को 11 नई चार पहिया पीआरवी (स्कॉर्पियो) वाहनों की सौगात मिली है।




इन अत्याधुनिक वाहनों का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा एक गरिमामयी समारोह में हरी झंडी दिखाकर किया गया। इन नए पीआरवी वाहनों के शामिल होने से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अब किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की पहुंच आमजन तक पहले से अधिक तेजी और प्रभावशीलता के साथ सुनिश्चित की जा सकेगी, जिससे रिस्पांस टाइम में कमी आने की उम्मीद है। पुलिस विभाग द्वारा इन वाहनों के संचालन के लिए वैज्ञानिक और विश्लेषणात्मक आधार पर रूट चार्ट तैयार किया जाएगा। इसके तहत उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां शिकायतों की संख्या अधिक रहती है ताकि जरूरत के अनुसार पीआरवी वाहनों की तैनाती की जा सके। इस पहल से न केवल अपराधों पर नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होगी। साथ ही पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास और संतुष्टि स्तर बढ़ेगा।

## ट्रायल्स 29 को

**सहारनपुर।** सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-16 और अंडर-19 खिलाड़ियों के जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन रविवार 29 मार्च को कराया जाएगा।

ट्रायल का आयोजन अंबाला रोड स्थित ज्ञान कलश क्रिकेट ग्राउंड/स्कूल में किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान ने बताया कि यूपीसीए से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत यह ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अंडर-16 वर्ग के ट्रायल सुबह 10 बजे से शुरू होंगे, जबकि अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल दोपहर 2 बजे से आयोजित किए जाएंगे। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ रजिस्ट्रेशन स्लिप लाना अनिवार्य होगा। बिना रजिस्ट्रेशन खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल नहीं किया जाएगा।

# मुठभेड़ में लुटेरा पकड़ा, दूसरा फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट के मामले में वांछित चल रहे एक शातिर लुटेरे को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा।

थाना जनकपुरी पुलिस देर सायं थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा व उपनिरीक्षक संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में जनता रोड रघुकुल धाम के पास चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान समाने से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने टार्च की रोशनी दिखाकर उन्हें रूकने का इशारा किया तो वे पुलिस टीम पर फायर करते हुए मोटरसाइकिल मोड़कर ढमोला नदी की तरफ भागने लगे। पुलिस ने भी बदमाशों का पीछा किया।



इसी दौरान बदमाशों की मोटरसाइकिल ग्राम खुर्द टीपरपुर के पास अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ी। बदमाश पुलिस पर पुन: फायरिंग करते हुए जंगलों की तरफ भागने लगे। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। दबोचे गए घायल बदमाश की पहचान हरदयाल पुत्र नाथीराम निवासी रवासौली थाना बेहट के रूप में हुई।

# लाखों की रकम पर सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की गंगोह कृषि उत्पादन मंडी समिति एक बार फिर प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में है।

मंडी में दुकानों की बोली से प्राप्त लगभग 75 लाख रुपये की धनराशि को निर्धारित समयसीमा के भीतर बैंक में जमा न किए जाने का मामला सामने आया है,जिससे वित्तीय अनुशासन पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। जानकारी के अनुसार,जब मंडी के अभिलेखों विशेष रूप से रोकड़ बही और बैंक खातों का मिलान किया गया,तो यह स्पष्ट हुआ कि बोली से प्राप्त धनराशि को नियमानुसार उसी दिन या अगले कार्यदिवस में जमा नहीं कराया गया। जनवरी माह की विभिन्न तिथियों 17, 29 और 31 जनवरी को केवल आंशिक रकम ही बैंक में जमा की गई,जबकि शेष राशि लंबित बनी रही। बाद में 7 मार्च को यह बची हुई धनराशि जमा कराई गई, जो जांच के दौरान सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन स्तर पर संज्ञान लिया गया, जिसके बाद एसडीएम नकुड़ को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। जांच में गंगोह कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव एवं उपनिदेशक की कार्यप्रणाली में स्पष्ट लापरवाही पाई गई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि वित्तीय प्रबंधन में अपेक्षित सतर्कता नहीं बरती गई। इस पूरे प्रकरण पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है और कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक को पत्र प्रेषित किया है। वहीं मंडलायुक्त स्तर से भी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

# छात्राओं को दिया सुरक्षा का भरोसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेस-5 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर थाना मंडी पुलिस पूरी तरह सक्रिय नजर आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



मिशन शक्ति टीम, महिला उपनिरीक्षक प्रीती और महिला हेड कांस्टेबल अर्चना द्वारा कार्यक्रम में छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली और उपलब्ध सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस टीम ने नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं बिना झिझक इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा कॉलेज, बाजार और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भी अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया गया और पंपलेट वितरित किए गए।

## कुर्क संपत्तियों का होगा भौतिक सत्यापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई संपत्तियों के भौतिक सत्यापन के लिए प्रशासन ने बड़ा अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 से अब तक जनपद में लगभग 1170 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इन सभी संपत्तियों की कुर्की के बाद विधिवत रिसीवर नियुक्त किए गए हैं। अब प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कुर्क की गई संपत्तियों का उपयोग कहीं अभियुक्त या किसी निजी व्यक्ति द्वारा तो नहीं किया जा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट के अनुसार, इस विशेष सत्यापन अभियान के दौरान प्रत्येक संपत्ति की मौके पर जांच की जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राधा कृष्ण मंदिर में कन्याओं का पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रीराम नवमी के मौके पर मां जगदम्बा कुटुम्ब द्वारा कन्या पूजन किया गया।

पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में रामनवमी पर्व बडी ही आस्था के साथ मनाया गया। आचार्य पं.प्रगीत कौशिक महाराज ने कहा कि हिन्दू नववर्ष आज के दिन से ही प्रारम्भ होता है। मां शाकम्भरी क्षेत्र के अंतर्गत सम्वत 2026 प्रारम्भ हो गया है। मां शाकम्भरी का आशीर्वाद प्रत्येक प्राणी मात्र को मिले और सभी के घर में सुखशांति रहे।

इस दौरान आचार्य नितिन, पं. कौशिक प्रणयन प्रगीत, पं.ललित, अजय अग्रवाल, संजय बंसल, अरूण राणा, नितिन यादव, सुखपाल चौधरी, मुकेश मित्तल, संकेत, विपिन कश्यप आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मां महाकाली के प्रकटोत्सव पर लगाए 56 भोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां भगवती वैष्णवी महाकाली प्रकटोत्सव पर छप्पन भोग अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा मां आदिशक्ति महाकाली सृष्टि को संतुलन करने वाली देवी है।

राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित मां वैष्णवी महाकाली प्रकटोत्सव अवसर पर मां भगवती आदि शक्ति वैष्णवी महाक. ाली का विधिवत पूजन किया गया और मां भगवती को छप्पन भोग लगाए गए। इसके बाद मां भगवती की दिव्य एवं भव्य आरती उतारी गई और छप्पन भोग का प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया। श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित मां वैष्णवी महाकाली प्रकट उत्सव अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा मां वैष्णवी महाकाली आदिकाल में मां वैष्णो देवी के आह्वान पर प्रकट हुई और जुनेश्वर बाबा भैरव बाबा का वध किया। मां भगवती वैष्णो देवी के आग्रह पर भक्तों के कल्याण के लिए मां भगवती महाकाली गुफा में प्रकट हुई और वैष्णवी महाकाली कहलाई महाराज श्री ने कहा भक्तों के कल्याण के लिए मां भगवती यहां पर प्रकट हुई है। मां भगवती के गुफा वाले मंदिर में भक्तजन दिल्ली पंजाब हरियाणा उत्तराखंड आदि राज्यों के दूर-दूर से लोग माता के दर्शन के लिए आते हैं और मन्नत पूरी होने पर माता का प्रसाद एवं भंडारा देने के लिए आते रहते हैं। मां भगवती सहारनपुर राधा विहार में मां भगवती के दूरदर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं। उन्होंने कहा मां भगवती आदिशक्ति महाक. ाली जगत का कल्याण करने वाली हैं। भय का नाश करने वाली हैं, सभी संकटों से जीव को मुक्त करने वाली हैं, मां भगवती आदि शक्ति की शरण में जो आ जाता है, उसका जीवन सुख समृद्धि से परिपूर्ण हो जाता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर रमेश शर्मा, राजेंद्र धीमान, अनिल चौहान, सुरेश काम्बोज, अश्विनी काम्बोज, संजय राणा, बबीता, गीता, पूनम, रेखा, साक्षी, प्रभा, संगीता, रेखा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



# सम्पादकीय

शनिवार, 28 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## वार्ता और बमबारी!

ईरान का इस्राईल–अमेरिका के साथ युद्ध छिड़े 28 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन जंग है कि रुकने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं, जिसमें बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता चल रही है, लेकिन इस तरह की खबरें अमेरिका की तरफ से ज्यादा आ रही हैं। ईरान से इस संबंध में बेहद ठंडी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। शुक्रवार की ही बात करें, तो अमेरिका की तरफ से दस दिन तक ईरान के पेट्रोलियम ठिकानों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने की बात कही गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि जो बातचीत चल रही है, उसको पूरा मौका मिले, लेकिन जिस तरह इस्राईल ने ईरान के स्टील के दो बड़े प्लांट जो इस्फाहान और खुजेस्तान में स्थित हैं, उन पर बड़ा हमला किया, तो वहीं ईरान ने भी बदले की कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन टू प्रोमिस 4 के तहत 83वां चरण युद्ध का शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बार ईरान ने इस्राईल को बड़ी चोट पहुंचाई है। उसने इस्राईल के साथ–साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान ने बेलेस्टिक मिसाइल और सुसाइडल ड्रोन्स के जरिये इस्राईल के अश्दोद में तेल डिपो को निशाना बनाया। वहां आग लगने की बात कही जा रही है। कुवैत, बहरीन, अलधाफरा में भी ईरानी ड्रोन्स ने अमेरिका के सैन्य बेस को निशाना बनाया है। ईरान की तरफ से कुछ चेताया भी जा रहा है और कहा जा रहा है कि खाड़ी देशों ने ज्यादातर अमेरिका के सैन्य बेस तबाह हो चुके हैं और उसके सैनिक वहां के होटलों में शरण ले रहे हैं। ईरान तो यहां तक कह रहा है कि होटल स्वामी भगौड़े सैनिकों को शरण न दें। वह लोगों से भी अपील करता दिखाई दे रहा है कि अगर उन्हें ऐसे भगौड़े सैनिकों के छिपने की जानकारी हो तो उन्हें दें। जाहिर है इस तरह का रवैया बेहद आक्रामक तो है ही, साथ ही यह भी बताता है कि ईरान इस युद्ध में अमेरिका–इस्राईल के साथ किसी भी सीमा तक जाने का इरादा रखता है और उसके हौसलें बुलंद हैं। जाहिर है वार्ता और हमले एकसाथ नहीं चल सकते। इससे तो यही पता चलता है कि दोनों ही पक्ष केवल वार्ता करने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वह जंग को रोकने के पक्ष में नहीं हैं। कोई भी समझ सकता है कि किसी भी समस्या का हल वार्ता से तभी निकल सकता है, जब पहले से ही दोनों ही पक्षों की ओर से कुछ ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाएं, जिससे जो अविश्वास की खाई जोकि बहुत बड़ी है, उसको पाटा जा सके। जब दोनों पक्षों को एक–दूसरे पर भरोसा ही नहीं होगा, तो नतीजे क्या खाक आएंगे। इतना ही नहीं अमेरिका की वार्ता की बात भी कर रहा है। साथ ही वह ईरान को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहा है। यूं भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने अटपटे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। वह अभी भी युद्ध रोकने को गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## उत्पाद शुल्क कटौती, वसूली का खेल



ईधन में उत्पाद शुल्क कटौती जनता से वसूली का खेल है, सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे उपकार के रूप में पेश करती है, वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमश: लगभग 32.98 रुपये और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है,सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं, अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है, लगता है जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है।

**–प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सदस्य कांग्रेस**

# नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी

प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में हाल ही में हुई एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज ने समुद्री जैव–विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी है। वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में रहने वाले छोटे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण जीवों एम्फिपोड्स की 24 नई प्रजातियों की पहचान की है, जिनमें एक पूरी तरह नई सुपरफैमिली का भी पता चला है। यह खोज केवल नई प्रजातियों की सूची में वृद्धि भर नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि पृथ्वी के महासागरों में जीवन की विविधता अभी भी काफी हद तक अनजानी है और वैज्ञानिकों के सामने अनगिनत रहस्य अब भी छिपे हुए हैं।

एम्फिपोड्स छोटे, झींगे जैसे क्रस्टेशियन जीव होते हैं, जो समुद्र के विभिन्न स्तरों पर पाए जाते हैं, लेकिन गहरे समुद्र में उनकी विशेष भूमिका होती है। ये जीव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं, क्योंकि वे मृत जीवों और जैविक अवशेषों को खाकर पोषक तत्वों के चक्र को बनाए रखते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, एम्फिपोड्स की विविधता बहुत अधिक है और वे समुद्री तल के सबसे महत्वपूर्ण जीवों में से एक माने जाते हैं, फिर भी उनकी अधिकांश प्रजातियां अभी तक वैज्ञानिक रूप से दर्ज नहीं की गई हैं।

यह नई खोज प्रशांत महासागर के क्लैरियन–क्लिपरटन जोन नामक क्षेत्र में की गई, जो लगभग 60 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह क्षेत्र समुद्र की गहराइयों में स्थित है और खनिज संसाधनों, विशेष रूप से पॉलिमेटालिक नोड्यूल्स, के लिए प्रसिद्ध है। इन नोड्यूल्स में कोबाल्ट, निकल और मैंगनीज जैसे धातु पाए जाते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीकों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों में किया जाता है। यही कारण है कि यह क्षेत्र वैज्ञानिकों के साथ–साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने 10 अलग–अलग एम्फिपोड परिवारों से संबंधित 24 नई प्रजातियों की पहचान की। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि गहरे समुद्र में नई प्रजातियों की खोज करना अत्यंत कठिन और समय लेने वाला कार्य होता है। लेकिन इस खोज की सबसे खास बात यह है कि इसमें एक नई सुपरफैमिली की पहचान भी हुई है, जिसे मिराबेस्टियोइडिया नाम दिया गया है। टैक्सोनॉमी यानी वर्गीकरण विज्ञान में एक नई सुपरफैमिली की खोज अत्यंत दुर्लभ होती है, क्योंकि यह जीवों के विकासक्रम में एक पूरी तरह नई शाखा का प्रतिनिधित्व करती है। नई सुपरफैमिली के अंतर्गत एक नया परिवार और दो नए जीनस भी शामिल किए गए हैं। यह दर्शाता है कि इन जीवों का विकास अन्य ज्ञात एम्फिपोड समूहों से काफी अलग तरीके से हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस तरह की खोज यह संकेत देती है कि गहरे समुद्र में जीवन का विकास बहुत जटिल और विविध रहा है और हम अभी तक उसका केवल एक छोटा हिस्सा ही समझ पाए हैं।



गहरे समुद्र के पर्यावरण की बात करें तो यह पृथ्वी के सबसे कठिन और चरम वातावरणों में से एक है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और दबाव बहुत अधिक होता है। इन परिस्थितियों में जीवों का जीवित रहना अपने आप में एक अद्भुत उदाहरण है। एम्फिपोड्स ने इन कठिन परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल लिया है। कुछ प्रजातियां मृत जीवों को खाकर जीवित रहती हैं, जबकि कुछ शिकारी भी होती हैं।

इस खोज में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने न केवल पारंपरिक रूपात्मक अध्ययन (मॉर्फोलॉजी) का उपयोग किया, बल्कि डीएनए बारकोडिंग जैसी उन्नत तकनीकों का भी सहारा लिया। इससे उन्हें प्रजातियों के बीच सूक्ष्म अंतर समझने और उनके विकास संबंधों को स्पष्ट करने में मदद मिली। आज के समय में डीएनए विश्लेषण समुद्री जीवों के अध्ययन में एक क्रांतिकारी उपकरण बन चुका है, जिससे नई प्रजातियों की पहचान अधिक सटीक और तेजी से संभव हो पाई है।

यह खोज एक बड़े वैश्विक प्रयास का हिस्सा भी है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र की जैव–विविधता को समझना और दस्तावेज करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्लैरियन–क्लिपरटन जोन में मौजूद 90 प्रतिशत से अधिक प्रजातियां अभी तक अनजान हैं। इसका मतलब यह है कि समुद्र की गहराइयों में जीवन की अपार विविधता छिपी हुई है, जिसे समझने के लिए अभी बहुत काम किया जाना बाकी है।

इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि यह क्षेत्र खनन गति. विधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए यहां की जैव–विविधता को समझना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि खनन कार्य बिना पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी के शुरू कर दिए जाते हैं, तो कई ऐसी प्रजातियां नष्ट हो सकती हैं, जिनके बारे में हमें अभी तक पता भी नहीं है।

वैज्ञानिकों ने इस संदर्भ में चेतावनी दी है कि गहरे समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहुत संवे. दनशील होते हैं और इनमें होने वाले परिवर्तन का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी औद्योगिक गति. विधि से पहले व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए और पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन किया जाए। इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि समुद्री जीवन के अध्ययन में अभी बहुत संभावनाएं हैं। हर नई खोज न केवल हमारी जानकारी को बढ़ाती है, बल्कि हमें यह भी सिखाती है कि पृथ्वी पर जीवन कितनी विविधता और जटिलता से भरा हुआ है। एम्फिपोड्स जैसे छोटे जीव भी पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके बिना समुद्री जीवन की संतुलन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। गहरे समुद्र की खोज एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसमें अत्याधु. निक तकनीक, विशेष उपकरण और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। लेकिन इसके बावजूद, वैज्ञानिक लगातार नई खोजें कर रहे हैं, जो यह दर्शाती हैं कि मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक प्रयासों की कोई सीमा नहीं है।

अंतत:, 24 नई एम्फिपोड प्रजातियों और एक नई सुपरफैमिली की पहचान न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि हमें अपने महासागरों को समझने और संरक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। यह खोज हमें यह याद दिलाती है कि पृथ्वी का अधिकांश भाग अभी भी अनदेखा और अनजाना है, और उसमें छिपे रहस्यों को उजागर करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस प्रकार, यह अध्ययन समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होता है और भविष्य के अनुसंधानों के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि केवल एक क्षेत्र में इतनी नई प्रजातियां मिल सकती हैं, तो पूरे महासागर में कितनी अज्ञात प्रजातियां अभी भी खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रही होंगी।

**–एम. इमरान**

# राष्ट्रवाद की चाशमी में लिपटी धुरंधर 2 पर उठते सवाल

**फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। सवाल उठ रहे हैं कि आदित्य धर को मोदी सरकार का गुणगान करने के लिए यह फिल्म बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? रामगोपाल वर्मा ने कहा है कि अब सिनेमा कहानी नहीं, एजेंडा बेच रहा है। आरोप यह भी लग रहा है कि इस फिल्म में कई बातें ऐसी हैं जो इस सरकार की गलतियों पर परदा डालने के लिए कही गई हैं।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' चर्चा में है। फिल्म धुरंधर–2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुबंई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार सं. हता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर–2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस .श्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?

भाजपा की सरकारों ने अब तक इस संबंध में कार्रवाई क्यों नहीं की? सवाल यह है कि क्या इस फिल्म में कई जगह अतिवाद का सहारा क्यों लिया गया है? एक तरफ कई लोग धुरंधर–2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधे तौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं का रहस्मयी उपांग जो हमेशा अन्देखा रहा!

कोशिकाओं के एक ऐसे रहस्यमय और लंबे समय तक अनदेखे रहे उपांग को अब वैज्ञानिकों ने एक नए काम में लगा दिया है, जिसके बारे में पहले बहुत कम जानकारी थी। सामान्य तौर पर जब हम कोशिकाओं की संरचना के बारे में पढ़ते हैं तो हमें बताया जाता है कि उनमें एक कोशिका झिल्ली होती है, पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति भी होती है, एक केंद्रक मौजूद रहता है, ऊर्जा उत्पादन के लिए माइटोकॉण्ड्रिया होते हैं और पदार्थों के भंडारण के लिए रिक्तिकाएं होती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कोशिक. ाओं में हजारों की संख्या में एक ऐसा घटक मौजूद होता है, जिसके बारे में लंबे समय तक वैज्ञानिकों के पास सीमित जानकारी ही थी।

इन रहस्यमई संरचनाओं को वॉल्ट कहा जाता है। इनकी खोज 1986 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेल्स के वैज्ञानिक लियोनार्ड रोम और नैन्सी केडेर्शा ने की थी। तब से लेकर अब तक वैज्ञानिक इनकी संरचना और कार्य को समझने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि अभी भी इनके कई पहलू रहस्य बने हुए हैं, लेकिन हाल के शोध में इनके एक महत्वपूर्ण उपयोग को सामने लाया गया है, जो जैविक अनुसंधान के क्षेत्र में काफी उपयोगी साबित हो सकता है। वॉल्ट वास्तव में खोखले और बैरल जैसे आकार के राइबोन्यूक्लियोप्रोटीन कण होते हैं, जो मनुष्यों सहित लगभग सभी यूकेरियोटिक यानी केंद्रक–युक्त कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में पाए जाते हैं। इनका आकार लगभग 70 नैनोमीटर होता है, जिससे यह कोशिका के सबसे बड़े कणों में गिने जाते हैं। इनकी बाहरी संरचना मुख्यत: मेजर वॉल्ट प्रोटीन यानी MVP से बनी होती है, जबकि इनके अंदर छोटे वॉल्ट आरएनए और तीन प्रकार के प्रोटीन पाए जाते हैं। एक सामान्य मानव कोशिका में इनकी संख्या लगभग 10,000 से लेकर 1,00,000 तक हो सकती है, खासकर प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाओं जैसे मैक्रोफेज में इनकी अधिकता देखी जाती है। यह कण मुख्य रूप से कोशिका द्रव्य में उपस्थित रहते हैं और कोशिका कंकाल से जुड़े रहते हैं, लेकिन कभी–कभी नाभिकीय छिद्रों के पास भी पाए जा सकते हैं। वैज्ञानिक जब यह समझना चाहते हैं कि किसी कोशिका के भीतर किस प्रकार की जैव–रासायनिक गतिविधियां हो रही हैं, तो वे सामान्यत: दो तरीकों का उपयोग करते हैं। पहला तरीका है प्रोटियोम का अध्ययन, जिसमें किसी विशेष समय पर कोशिका में मौजूद सभी प्रोटीन्स का विश्लेषण किया जाता है, क्योंकि प्रोटीन ही कोशिका की गतिविधियों के प्रमुख परिणाम होते हैं, इसलिए इनके अध्ययन से यह समझा जा सकता है कि उस समय कोशिका में कौन–कौन सी प्रक्रियाएं सक्रिय थीं। दूसरा तरीका है ट्रांसक्रिप्टोम का अध्ययन, जिसमें को. शिका में मौजूद सभी आरएनए अणुओं का विश्लेषण किया जाता है। आरएनए वह अणु होता है, जो डीएनए में निहित सूचनाओं के आधार पर प्रोटीन के निर्माण का निर्देश देता है। डीएनए के भीतर मौजूद जीन यह तय करते हैं कि कौन–कौन से प्रोटीन बनाए जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर इन जीनों की प्रतिलिपि आरएनए के रूप में तैयार होती है, जिसे मैसेंजर आरएनए या m



RNA कहा जाता है। यही mRNA कोशिका द्रव्य में जाकर प्रोटीन निर्माण की प्रक्रिया को संचालित करता है। इस प्रकार यदि किसी कोशिका में उपस्थित सभी आरएनए का अध्ययन किया जाए, तो यह पता लगाया जा सकता है कि कौन–कौन से प्रोटीन बन रहे हैं या हाल ही में बने हैं। इस पूरी प्रक्रिया को ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण कहा जाता है। हालांकि इस पद्धति की एक बड़ी सीमा यह है कि आरएनए अणु बहुत अस्थिर होते हैं। वे अपना कार्य पूरा करने के कुछ ही मिनटों के भीतर नष्ट हो जाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण केवल बहुत हाल की गति. विधियों की ही जानकारी दे सकता है, उससे पहले की नहीं। यही वह जगह है जहां वॉल्ट्स ने वैज्ञानिकों को एक नया समाधान प्रदान किया। ब्रॉड इंस्टीटूट के जैव–चिकित्सा इंजीनियर फाइ चेन ने यह जानने की कोशिश की कि किसी कोशिका में पिछले कुछ दिनों के दौरान कौन–कौन से जीन सक्रिय रहे हैं। उनका विचार यह था कि यदि mRNA अणुओं को किसी तरह सुरक्षित रखा जा सके, तो बाद में उनका विश्लेषण करके यह जाना जा सकता है कि वे किन जीनों से बने थे और किन जीनों की गतिविधि पहले हुई थी। शुरुआत में उन्होंने पोली A बाइंडिंग प्रोटीन यानी PABP का सहारा लेने की सोची। यह प्रोटीन स्वाभाविक रूप से mRNA के एक सिरे से जुड़ता है और उसकी रक्षा करता है। योजना यह थी कि इस प्रोटीन को किसी स्थाई संरचना के साथ जोड़ दिया जाए, ताकि जब यह mRNA से जुड़े, तो उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। इस उद्देश्य से उन्होंने चाठच को एक बैक्टीरिया के प्रोटीन के साथ जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो पाया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने वॉल्ट्स का सहारा लेने का विचार किया, क्योंकि यह संरचनाएं अंदर से खोखली होती हैं और अणुओं को अपने भीतर समाहित कर सकती हैं। m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाने के लिए उन्होंने एक विशेष रणनीति अपनाई, जिसमें चाठच के जीन को वॉल्ट के अंदर मौजूद प्रोटीन से जुड़ने वाले जीन के साथ मिला दिया गया। वॉल्ट की संरचना तीन परतों से बनी होती है। इसकी सबसे बाहरी परत मेजर वॉल्ट प्रोटीन की होती है, जबकि अंदर की ओर छोटे प्रोटीन की परतें होती हैं। इसका बाहरी आवरण स्थिर नहीं होता, बल्कि समय–समय पर इसमें छोटे छिद्र बनते रहते हैं, जिनके माध्यम से छोटे अणु अंदर प्रवेश कर सकते हैं। वॉल्ट के अंदर प्रवेश करने के लिए किसी भी अणु को एक विशेष प्रोटीन, जिसे वॉल्ट पॉली (एडीपी राइबोस) पॉलीमरेज या VPARP कहा जाता है, से जुड़ना होता है। यह एक तरह का संकेत तंत्र होता है। जब कोई अणु इससे जुड़ता है, तो उसे वॉल्ट के भीतर जाने की अनुमति मिल जाती है। इसी तंत्र का उपयोग करते हुए वैज्ञानिकों ने m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाया। उन्होंने कोशिका में संशोधित PABP जीन को प्रविष्ट कराया और साथ ही MVP जीन की अतिरिक्त प्रतियां भी डालीं। इसके परिणामस्वरूप संशोधित PABP ने m-RNA को पकड़कर उसे वॉल्ट के अंदर पहुंचा दिया। बाद में वैज्ञानिकों ने इन वॉल्ट्स को रासायनिक रूप से खोलकर उनके अंदर मौजूद m-RNA का विश्लेषण किया और उसके न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम को पढ़ा। इससे यह पता चल गया कि यह m-RNA किन जीनों से उत्पन्न हुए थे। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें m-RNA को वॉल्ट के भीतर कैद कर लिया जाता है, जहां वह लगभग सात दिनों तक सुरक्षित रह सकता है। इस प्रकार वैज्ञानिक अब कोशिका की पिछली गतिविधियों का भी अध्ययन कर सकते हैं, जो पहले संभव नहीं था। इस विधि को परखने के लिए कोशिकाओं को गर्मी और कम ऑक्सीजन जैसी परिस्थितियों में रखा गया और उनकी आनुवंशिक प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया।

**–स्रोत फीचर्स**

# अमेरिका और नाटो में बढ़ रही कलह

## ट्रम्प की धमकी के चलते जी-7 की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो की होगी अग्निपरीक्षा



■ पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो फ्रांस में आयोजित हो रहे जी-7 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए अमेरिका से रवाना हो गए हैं। मार्को रूबियो को इस जी-7 सम्मेलन में ईरान युद्ध के लिए जी7 देशों का समर्थन जुटाने की मुश्किल चुनौती है, खासकर तब जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प नाटो पर तीखा हमला कर रहे हैं।

वहीं पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं। नाटो के सदस्य देश ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और इटली, जी-7 का भी हिस्सा हैं, जबकि जापान इस सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं है। रूबियो जब फ्रांस के लिए के लिए वाशिंगटन से रवाना हुए, ठीक उससे कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने ईरान युद्ध में अमेरिका और इजरायल का साथ न देने के लिए नाटो देशों की आलोचना की। ट्रम्प ने कहा, 'हम नाटो से बहुत निराश हैं, क्योंकि नाटो ने बिल्कुल कुछ नहीं किया। ट्रम्प ने ये भी कहा कि हम नाटो की रक्षा के लिए हैं, लेकिन वे हमारी रक्षा के लिए नहीं हैं। ऐसे में रूबियो का फ्रांस दौरा, यूरोपीय सहयोगियों के साथ रिश्तों को संतुलित करने की दिशा में भी अहम होगा। नाटो और अमेरिका के बीच बीते कुछ समय से तनाव बना हुआ है। दरअसल ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प के रुख और रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को लेकर भी यूरोप परेशान है। अब पश्चिम एशिया का मौजूदा संघर्ष इस तनाव को और बढ़ा रहा है। फ्रांस रवाना होने से पहले रूबियो ने कहा कि वह जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों के साथ अच्छी बैठकों की उम्मीद कर रहे हैं। बाद में उन्होंने एक्स पर लिखा कि वह वैश्विक सुरक्षा चिंताओं, पश्चिम एशिया की स्थिति और रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। इससे पहले नाटो महासचिव मार्क रुते ने कहा कि नाटो के सदस्य रक्षा खर्च बढ़ा रहे हैं और अब अमेरिका की सैन्य शक्ति पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की दिशा में बदलाव आ रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जा सकते। जी-7 बैठक की मेजबानी कर रहा फ्रांस, ईरान युद्ध को लेकर चिंतित है। फ्रांसीसी रक्षा प्रमुख जनरल फैबियन मैंडों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई शुरू करने से पहले सहयोगियों को जानकारी नहीं दी, जिससे उनकी सुरक्षा और हित प्रभावित हुए।

## रैपर, मेयर, पीएमः नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक बालेन्द्र शाह का सफर

**काठमांडू।** रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र शाह ने चार साल में नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक का सफर पूरा कर लिया है। राजनीति में शून्य से अपनी शुरुआत करने वाले शाह शुक्रवार को शपथ लेने के बाद नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गए। काठमांडू में 27 अप्रैल 1990 को जन्मे शाह इससे पहले 2022 से 2026 तक काठमांडू के मेयर रह चुके हैं और युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। शाह का जन्म एक नेवार बौद्ध परिवार में हुआ। उनके पिता आयुर्वेद के चिकित्सक थे। उन्होंने काठमांडू के हिमालयन व्हाइटहाउस इंटरनेशनल कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हासिल किया। इसके बाद भारत आकर 2018 में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की।



**बेरूत।** ईरान के दूतावास के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान खिलौने वाली बंदूक पकड़े एक लड़की।

## स्पेनः ईरान संघर्ष के परिणामों को कम करने के उपायों के पैकेज मंजूर

**मैड्रिड।** स्पेन की संसद के निचले सदन, कांग्रेस ऑफ डेप्युटीज ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए पांच अरब यूरो (5.8 अरब डॉलर) के संकट-रोधी पैकेज को मंजूरी दे दी है। सदन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कांग्रेस ने ईरान में युद्ध से स्पेनिश परिवारों और व्यवसायों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा लागू किए जा रहे उपायों से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रॉयल डिक्री-लॉ के रूप में तैयार इस दस्तावेज में ईंधन, गैस और बिजली पर कर में कटौती सहित कई प्रावधान शामिल हैं।

## ईरान ने 10 तेल टैंकर गिफ्ट किएः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है। इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है।

# स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराधः अराघची

## ईरानी विदेश मंत्री ने यूएनएचआरसी को भेजे गए वीडियो संदेश में अमेरिका-इजरायल को ठहराया जिम्मेदार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को अमेरिका और इजरायल की में आलोचना की। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को वीडियो संदेश में बताया कि मिनाब शहर के एक विद्यालय पर 'सुनियोजित हमला' किया गया था।

उन्होंने इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' करार दिया। अराघची ने बताया कि शजराह तैय्येबह प्राथमिक स्कूल पर किए गए इस हमले में 175 से अधिक छात्रों और शिक्षकों की मौत हो गई थी। अराघची ने कहा अमेरिका और इजरायल अपने पास अत्याधुनिक तकनीक होने का दावा करते हैं, इसलिए कोई यह नहीं मान सकता कि विद्यालय पर हमला जानबूझकर और इरादतन नहीं किया गया था। उन्होंने इसे युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया। उन्होंने कहा, इस तरह के कृत्य की पूरी दुनिया में निंदा होनी चाहिए और दोषियों को इसकी सजा भुगतनी होगी। उन्होंने कहा, इस अत्याचार को न तो उचित ठहराया जा सकता है, न ही इसे छिपाया जा सकता है और न ही इस पर चुप्पी और उदासीनता बरती जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा यह हमला केवल एक



■ ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने का कानूनी अधिकार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से बोले अराघची

'घटना' या 'गलती' नहीं थी। उन्होंने आगे कहा अमेरिका के विरोधाभासी बयान उनके अपराध को सही ठहराने के लिए दिए गए हैं। इस तरह के बयान से वे किसी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, मिनाब के विद्यालय पर हमला 28 फरवरी को हुआ था। यह युद्ध का पहला दिन था। अराघची की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब शुक्रवार 27 मार्च को युद्ध का एक महीना पूरा हो गया है। यह हमला 28 फरवरी 2026 को ईरान-अमेरिका युद्ध के पहले दिन हुआ था, जब कथित तौर पर एक अमेरिकी टोमहाक क्रूज मिसाइल ने दक्षिण ईरान के मिनाब में शजराह तैय्यबेह प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया। इसमें कम से कम 175 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर छात्र और शिक्षक थे और कई घायल हुए थे। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से फोन पर बातचीत की और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना ईरान का कानूनी अधिकार है। यह जानकारी प्रेस टीवी ने शुक्रवार को मंत्री के हवाले से दी। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे बहुत नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान ने बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की है जो फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है।

## ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा संयंत्र पर हमले को 10 दिनों के लिए किया स्थगित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर उन्होंने ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की प्रक्रिया को 10 दिनों के लिए रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस प्रक्रिया को छह अप्रैल को पूर्वी समयानुसार रात आठ बजे तक के लिए स्थगित कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर, मैं ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की अवधि को 10 दिनों के लिए सोमवार, छह अप्रैल को रात आठ बजे (पूर्वी समय) तक रोक रहा हूं। उन्होंने दोहराया कि बातचीत जारी है और फर्जी मीडिया और अन्य लोगों द्वारा इसके विपरीत दिए गए गलत बयानों के बावजूद, यह बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

## स्पेन में पिता से कानूनी लड़ाई के बाद बेटी को मिली इच्छामृत्यू

**बार्सिलोना।** स्पेन में 25 साल की नोएलिया कास्तिलो ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु के जरिए अपना जीवन खत्म कर लिया। बार्सिलोना की रहने वाली नोएलिया का 2022 में एक फैसिलिटी सेंटर में 3 युवकों ने रेप किया था। इसके बाद नोएलिया ने आत्महत्या की कोशिश की और पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हुई और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गई। नोएलिया ने कहा था कि वह अपनी मौत के समय अकेली रहना चाहती हैं और नहीं चाहती थीं कि कोई उन्हें अंतिम समय में देखे। इच्छामृत्यु की प्रक्रिया में तीन इंजेक्शन दिए गए। पहले दो से गहरी बेहोशी लाई गई और तीसरे इंजेक्शन से दिल की धड़कन रुक गई। नोएलिया ने 2024 में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया था, जिसे कैटेलोनिया सरकार ने मंजूरी भी दे दी थी। लेकिन आखिरी समय में उसके पिता ने अदालत में आपत्ति दर्ज कराई और प्रक्रिया रुकवा दी। पिता का तर्क था कि उनकी बेटी मानसिक रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं है और देश को उसकी जान की रक्षा करनी चाहिए। यह मामला करीब डेढ़ साल तक अदालत में चला। अंत में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय ने नोएलिया के पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे इच्छामृत्यु का रास्ता साफ हुआ।

# अमेरिकी मुद्रा पर होंगे ट्रम्प के हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका की करेंसी डॉलर में बड़ा बदलाव होने वाला है। जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर अमेरिकी नोटों पर दिखाई देंगे। साल 1861 में डॉलर बिल की शुरुआत होने के बाद यह पहली बार है, जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर देश की मुद्रा पर होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा लिया गया यह फैसला, इस साल अमेरिकी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के मौके पर लिया गया है।

अमेरिकी ट्रेजरर ब्रैंडन बीच ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प के हस्ताक्षर ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ अमेरिकी मुद्रा पर नजर आएंगे। यह इतिहास में पहली बार हो रहा है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व और देश के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है, जिसका देश पर लंबे समय तक प्रभाव रहेगा। बीच ने आगे कहा इतिहास में राष्ट्रपति की पहचान अमेरिका के 'स्वर्ण युग' के आर्थिक सुधारों के निर्माता के रूप में है। अमेरिकी मुद्रा पर उनके हस्ताक्षर होना न केवल सही है, बल्कि वह इसके हकदार भी हैं। इससे पहले इसी महीने एक संघीय कला आयोग ने 24 कैरेट सोने के एक खास सिक्के के डिजाइन को



■ पद पर रहते हुए ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले राष्ट्रपति

मंजूरी दी थी। इस सिक्के पर राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर है और इसे भी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के हिस्से के रूप में तैयार किया गया है। ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में देश आर्थिक विकास, डॉलर के दबदबे और वित्तीय मजबूती के रास्ते पर है। उन्होंने कहा देश की ऐतिहासिक उपलब्धियों और राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प को सम्मान देने के लिए अमेरिकी डॉलर पर उनके नाम से बेहतर कोई और तरीका नहीं हो सकता। आजादी की 250वीं सालगिरह पर इस ऐतिहासिक मुद्रा को जारी करना बिल्कुल सही है।

# मेक्सिको की खाड़ी में तेल का रिसाव

## 600 किलोमीटर तक फैला प्रदूषण, सात प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में तेल का भारी रिसाव हुआ। अब इसका प्रदूषण 600 किलोमीटर से ज्यादा बड़े इलाके में फैल गया है। मेक्सिकन अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

इसमें दो प्राकृतिक स्रोत भी शामिल हैं। इस घटना ने सात प्राकृतिक रिजर्व क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। नौसेना सचिव एडमिरल रायमुंडो मोरालेस ने मीडिया वार्ता में बताया कि सैटेलाइट तस्वीरों और जांच से रिसाव के तीन मुख्य ठिकानों का पता चला है। पहला स्रोत वेराक्रूज

■ यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हुई

राज्य के कोत्जाकोआल्कोस बंदरगाह के पास खड़ा एक जहाज है। इस जहाज की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि उस समय वहां 13 जहाज मौजूद थे। दूसरा स्रोत इसी बंदरगाह से 8 किलोमीटर दूर एक ऐसी जगह है जहां से कच्चा तेल प्राकृतिक रूप से निकलता है। तीसरा स्रोत कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित एक और प्राकृतिक रिसाव वाली जगह है। मोरालेस ने स्वीकार किया कि तेल का रिसाव अब भी जारी है। कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित कंटारेल से सबसे ज्यादा रिसाव हो रहा है। यहां से प्राकृतिक रूप से तेल निकलता रहता है। हालांकि, पिछले महीने में प्रदूषकों का बहाव काफी ज्यादा रहा है। इस रिसाव ने वेराक्रूज और टबैस्को राज्यों के 200 किलोमीटर लंबे तट को प्रभावित किया है। अब तक 430 टन हाइड्रोकार्बन इकट्ठा किया जा चुका है। मामले पर पर्यावरण सचिव एलिसिया बारसेना ने बताया कि इस रिसाव से वेराक्रूज और ताबास्को राज्यों के सात संरक्षित प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित हुए हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें पर्यावरण को किसी भी तरह का गंभीर नुकसान होता हुआ नहीं दिखा है।

## रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गएः गवर्नर

**मॉस्को।** उत्तर-पश्चिमी रूस में फिनलैंड की खाड़ी के तट पर स्थित लेलिनग्राद शहर के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोजडेन्को ने कहा कि क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गए।ड्रोजडेन्को ने टेलीग्राम पर लिखा कि लेनिनग्राद क्षेत्र में हवाई हमले की चेतावनी हटा दी है। हमले को नाकाम करने के दौरान 36 ड्रोन नष्ट किए गए। गौरतलब है कि रूस 24 फरवरी, 2022 से अपना विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य यूक्रेन शासन द्वारा नरसंहार का शिकार हुए लोगों की रक्षा करना है।

# पश्चिम एशिया में 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजेगा यूएस!

## ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया गया है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने की योजना बना रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है। यरूशलेम पोस्ट ने वाल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में युद्ध विभाग के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया गया, इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं। अमेरिका की 82वीं



■ इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं

एयरबोर्न डिवीजन पहले से ही इस क्षेत्र में मौजूद है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस डिवीजन की तैनाती का सीधा उद्देश्य ईरान के रणनीतिक हितों, जैसे कि खर्ग द्वीप, को निशाना बनाना है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि अतिरिक्त सेना को कहां भेजा जाएगा या तैनात किया जाएगा। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने इस मामले पर कहा कि सैनिकों की तैनाती से जुड़ी कोई भी आधिकारिक घोषणा युद्ध विभाग ही करेगा। उन्होंने साफ किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के पास सभी सैन्य विकल्प उपलब्ध रहते हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया है।

## इजरायल ने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किएः आईडीएफ

**मास्को।** इजरायल रक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि उसने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ देर पहले आईडीएफ ने तेहरान के केंद्र में ईरानी आतंकी शासन अवसंरचना को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमले किए। इसी बीच, प्रेस टीवी ने खबर दिया है कि ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 की 83वीं लहर शुरू कर दी है।

# इजरायल का लेबनान की बस्तियों पर हमला

## नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा

**बेरुत।** इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान की आठ बस्तियों पर फास्फोरस युक्त गोला-बारूद से हमला किया। यह जानकारी लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएएनए) ने शुक्रवार को दी। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध क्षेत्रों में फास्फोरस युक्त गोला-बारूद का उपयोग निषिद्ध है।

संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस के मानकों के अनुसार, नागरिकों या आबादी वाले क्षेत्रों के खिलाफ ज्वलनशील हथियारों का उपयोग प्रतिबंधित है। यह विशिष्ट पारंपरिक हथियारों पर सम्मेलन में निहित है, जो ऐसे हमलों पर प्रतिबंध लगाता है जिनसे अत्यधिक पीड़ा होने की आशंका हो। फॉस्फोरस का उपयोग गंभीर जलन और आग का कारण बन सकता है, इसलिए नागरिकों के खिलाफ इसका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन और संभावित युद्ध अपराध माना जाता है। इजरायल की राष्ट्रीय आपातकालीन


■ इजरायली सेना का दावाः वह हमलों में हिजबुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं

सेवा यानी मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने कहा कि लेबनानी हिजबुल्लाह आंदोलन की गोलाबारी के परिणामस्वरूप उत्तरी इजरायल में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा है। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के पांच रणनीतिक बिदुओं पर मौजूद है, जिनमें गजार गांव का उत्तरी भाग भी शामिल है, जिसे लेबनानी अधिकारी निरंतर कब्जा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का उल्लंघन मानते हैं। इजरायली सेना का दावा है कि वह हमलों में हिज्बुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं। इजरायल ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि वह हिज्बुल्लाह के सैन्य विग के नेताओं को खत्म करने और शिया आंदोलन से उत्पन्न खतरे को समाप्त करने के लिए लेबनान पर हमले जारी रखेगा।

## लेबनान पर इजरायली हमलों में अब तक 1116 की मौत

**बेरुत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, दो मार्च से लेबनान पर होने वाले इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 1116 हो गई है जबकि 3229 अन्य लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि दो मार्च से शुरू हुए इस आक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या 1116 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या 3229 हो गई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान 22 लोग मारे गए हैं और 110 घायल हुए हैं। इजरायल और हिजबुल्ला के बीच यह तनाव दो मार्च, 2026 की रात को शुरू हुआ, जब लेबनानी संगठन ने क्षेत्रीय हालात खराब होने के बाद इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इसके जवाब में इजरायल ने लेबनान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए, जिनमें देश के दक्षिणी क्षेत्र, बेका घाटी और बेरुत के बाहरी इलाके शामिल हैं।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108